UPHIN/2011/39718

पृष्ठ-8 बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

दैनिक यंग भारत


निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्वतिक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-136 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) मंगलवार 28 अप्रैल 2026 | youngbharatE-paper.com



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# ब्रिटिश मौलाना का यूपी में अवैध साम्राज्य ढहा, योगी एक्शन से मचा 7000 कि0मी0 दूर तक हड़कंप



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी ने बीते करीब 10 सालों से साफ कर दिया है कि उत्तर प्रदेश में किसी भी गुंडे, मवाली और अपराधी को सिर छुपाने की जगह नहीं मिलेगी. जीरो क्राइम मोड पर फोकस करने वाले उत्तर प्रदेश में तमाम अपराधी गुंडई भूल चुके हैं.

किसी जमाने के बड़े-बड़े गुंडे, माफिया और बाहुबली या जेल में हैं या कब्र में हैं.लंदन तक बुलडोजर खौफ-ब्रिटिश मौलाना का अवैध मदरसा जमींदोज सीएम योगी ने कहा और बुलडोजर आ गया. ना सिर्फ आया बल्कि उसने ऐसी एक्शन फिल्म दिखाई कि सरकारी जमीनों पर कब्जा जमाए बैठी कट्टरपंथी गैंग की तिरपन कांप गई. ध्यान से पढ़िए एक नहीं, दो नहीं, तीन नहीं बल्कि 5-5 बुलडोजर एक साथ गरजे और लंदन वाले मौलाना के अवैध कब्जे की हर निशानी को मिटाते गए. छत, दीवार, बाउंड्री कुछ नहीं छोड़ा सब ध्वस्त कर दिया.




## शमशुल होदा का अवैध मदरसा ध्वस्त

ये कार्रवाई खलीलाबाद के गोश्तमंडी इलाके में हुई, यानी प्रशासन ने पूरा अवैध ठिकाना ध्वस्त कर दिया. जिस अवैध मदरसे की ईंट से ईंट उखाड़ी गई. वो उसी का मालिक मौलाना शमशुल हुदा का है. जिसने नागरिकता तो ब्रिटेन की ले रखी है, लेकिन मदरसा शिक्षक के तौर पर वेतन यूपी से ले रहा था. यही नहीं अवैध रूप से बने इस मदरसे में वो कट्टरपंथी विचारधारा को खाद-पानी देकर उसकी जड़ें भी मजबूत कर रहा था. शमशुल होदा का इस इलाके में ऐसा दबदबा था कि लोग उसके खिलाफ बोलने से भी डरते थे लेकिन सीएम योगी ने अपने इस बुलडोजर एक्शन से साफ कर दिया कि ऐसे किसी भी मौलाना से डरने की जरूरत नहीं है. इनका इलाज करना उन्हें अच्छे से आता है.

## ब्रिटिश मौलाना का बुलडोजर ट्रीटमेंट!

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, पुलिस प्रशासन से खुल्ला कह चुके हैं. किसी मौलाना के दबाव में मत आइए. कोई क्या बक रहा है, उसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है.

लंदन में बसे मौलाना शमशुल होदा की कुंडली

शमशुल दुधारा थाना क्षेत्र के देवरिया लाल गांव का रहने वाला है.

आजमगढ़ के एक मदरसे में शिक्षक के रूप में काम कर मौलाना का दर्जा हासिल किया.

धार्मिक गतिविधियों की आड़ में पाकिस्तान समेत कई इस्लामी देशों की यात्रा की.

इंग्लैंड में बसने के बाद 2013 में ब्रिटिश नागरिकता हासिल कर ली.

ब्रिटिश नागरिकता के बावजूद यूपी के मदरसे से सैलरी और दूसरे भत्ते लेता रहा.

रजा फाउंडेशन के नाम से एनजीओ का गठन किया.

अपने एनजीओ के जरिए विदेशों से धन जुटाकर पत्नी, बेटे और रिश्तेदारों के नाम जमीनें खरीदीं .

आजमगढ़ और संतकबीरनगर में फर्जी तरीके से मदरसे बनाकर मान्यता ली.

मदरसे की आड़ में कट्टरपंथी विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर रहा था.

## पाकिस्तान और कश्मीर के कई संदिग्ध संगठनों के साथ संबंध हैं.

मौलाना की करतूतों का खुलासा हुआ तो 2024 में तत्कालीन जिलाधिकारी ने जांच कराई. जिसके बाद उसका मदरसा सील कर जमीन जब्त कर ली गई. मौलाना मदरसा बचाने के लिए कोर्ट गया, लेकिन कानूनी लड़ाई हार गया. जिसके बाद, अब बुलडोजर उसके अवैध मदरसे को जमींदोज कर दिया गया. एसडीएम सदर हृदय राम तिवारी ने बताया कि मौलाना शमशुल होदा के अवैध मदरसे पर बुलडोजर एक्शन के दौरान किसी तरह का हंगामा ना हो, इसके लिए मौके पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी थी. मदरसे की ओर आने वाले हर रास्ते पर पुलिस का पहरा था. शमशुल होदा के अवैध मदरसे पर बुलडोजर चलाकर योगी सरकार ने एक बार फिर साफ संदेश दे दिया है कि अवैध निर्माण और संदिग्ध गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी.

# महोबा में भाजपा नेता बोला-मेरे साथ सोयो तो बनवा दूँगा उपाध्यक्ष

## महिला नेत्री ने दिया इस्तीफा

( यंग भारत न्यूज )

*महोबा। प्रदेश (Uttar Pradesh) के महोबा (Mahoba) जिले में एक महिला नेता के आरोपों ने भारतीय जनता पार्टी (Bhartiya Janata Party) (भाजपा) के भीतर हड़कंप मचा दिया है. पूर्व भाजपा जिला मंत्री दीपाली तिवारी (Deepali Tiwari) ने महोबा के भाजपा जिलाध्यक्ष ( बीजेपी District President) मोहनलाल कुशवाहा (Mohanlal Kushwaha) पर 'पद के बदले यौन शोषण' (Sex-for-Post) की मांग करने का गंभीर आरोप लगाया है. एक फेसबुक लाइव वीडियो (Facebook Live Video) के माध्यम से दीपाली ने दावा किया कि जिलाध्यक्ष ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष बनाने और पंचायत चुनाव में टिकट देने के बदले अनैतिक मांगें रखी थीं.*

### फेसबुक लाइव में लगाए गंभीर आरोप

*दीपाली तिवारी ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में आरोप लगाया कि जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने उन्हें पद का लालच देकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया. दीपाली के अनुसार, जब उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया, तो उन्हें जिला पंचायत चुनाव का टिकट देने का वादा कर दोबारा मनाने की कोशिश की गई. महिला नेता ने यह भी दावा किया कि उनके इनकार करने पर जिलाध्यक्ष ने उन्हें और उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी. इन धमकियों और मानसिक दबाव से तंग आकर उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है.*

### यूपी में पद के बदले सेक्स की पेशकश का मोहनलाल कुशवाहा पर आरोप

*पार्टी के भीतर गुटबाजी और तनाव यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब महोबा भाजपा में पहले से ही अंदरूनी कलह चल रही है. मार्च में जिला कार्यकारिणी*



*की घोषणा के बाद से कई कार्यकर्ता असंतुष्ट थे. बताया जा रहा है कि नई समिति में कोई पद न मिलने के बाद दीपाली ने पहले भी नाराजगी जाहिर की थी. इस नए विवाद ने स्थानीय भाजपा नेतृत्व को और अधिक मुश्किलों में डाल दिया है.*

### पुलिस स्टेशन पहुंचा मामला

*मामले ने अब कानूनी रूप ले लिया है. दीपाली तिवारी ने शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज तिवारी पर भी सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है.दूसरी ओर, पंकज तिवारी ने इन आरोपों को निराधार बताया है. उन्होंने पलटवार करते हुए दावा किया कि उनके खिलाफ भी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है और वे इस मामले में कानूनी कार्रवाई करेंगे.*

### जांच में जुटी पुलिस

*स्थानीय पुलिस ने दीपाली तिवारी की शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो और दी गई शिकायतों की गहनता से जांच की जा रही है. राजनीतिक गलियारों में इस घटना के बाद स्थानीय नेतृत्व की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है.*

## सुर्खियां.............

### कानून व्यवस्था मजबूत करने को एसपी की तबादला एक्सप्रेस, कई थानों में बदलाव

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए कई महत्वपूर्ण फेरबदल किए हैं। इस क्रम में चुर्खी थानाध्यक्ष शिव शंकर सिंह को एट थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उरई कोतवाली के जेल चौकी इंचार्ज अनिल कुमार को थानाध्यक्ष चुर्खी बनाया गया है। इसके अलावा एट थाना प्रभारी रहे पंकज पांडेय को अपराध शाखा उरई भेजा गया है। इन तबादलों को कानून व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा पुलिसिंग को चुस्त-दुरुस्त करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 15 महिलाएं घायल, 5 गंभीर को ग्वालियर रेफर

( यंग भारत न्यूज )

**नदीगांव-उरई ।** थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से बड़ा हादसा हो गया, जिसमें करीब 15 महिलाएं घायल हो गई। इनमें से 5 की हालत गंभीर होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुरचौली निवासी श्रद्धालु जवारे चढ़ाने के लिए रतनगढ़ माता मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान नदीगांव थाना क्षेत्र में रंजीत का डेरा के पास अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। इनमें से 5 महिलाओं की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य में सहयोग किया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# चर्चित लोक गायक, रंग गर्मी शिक्षक समाजसेवी संजय दुबे उर्फ संजू दुबे की हत्या का मामला

## संजय दुबेका हत्यारा पुलिस द्वारा शीघ्र गिरफ्तार नाकिए जाने पर विभिन्न संगठनों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**» नामजद हत्या आरोपी विवेक शुक्ला निवासी जालौन रोड कालिदास स्कूल के पास उरई ने उनके भाई संजू से 5लाख रुपये उधार लिए थे जो लौटारनहीं रहा था। इसी रंजिश के कारण मेरे भाई की हत्या हुई**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** प्रसिद्ध लोक गायक, रंग कमी शिक्षक और समाजसेवी संजय दुबे और संजू दुबे की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा हत्या की जगह गैर इरादतन हत्या की जगह गैर ईरादन हत्या मुकदमा मुक़ामात लिखे जाने ।तथा 29 मार्च 2026 को संजू के हत्यारे के खिलाफ नाम जद रिपोर्ट लिखवाई जाने के बाद लगभग एक माह बीतजाने के बाद भी अब तक पुलिस द्वारा को हत्यारे को अब तक गिरफ्तार न किए जाने के कारण समाज के विभिन्न वर्गों में रोृश व्याप्त है। विभिन्न वर्गों के नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र पुलिस ने संजय दुबे के हत्यारे को को गिरफ्तार ना किया तो जनपद मुख्यालय उरई में शीघ्र एक बड़ा जन आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा। संजूदुबे के छोटे भाई और सनातन धर्म इंटर कॉलेज के प्रबंधक विवेक दुबे ने पत्रकारों को बताया की बीती 16/17 की रात उनके बड़े भाई संजू दुबे जब अपनी पत्नी के लिए दवाई लेने गए थे। मेडिकल स्टोर में जहां मेरे भाई दवाई ले रहे थे वहीं पर विवेक शुक्ला से उनकी भेंट हो गई इस पर मेरे भाई संजय दुबे ने उनसे 5 लख रुपए का तगदा किया । इस पर बहस हुई। इस दौरान विवेक शुक्ला ने मेरे भाई संजू दुबे से रुपए न देने तथा अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया।वहां नया रामनगर निवासी संतोष को श्रीवास्तव पुत्र श्याम बिहारी श्रीवास्तव ने देखा। मेरे भाई अपनीमोटरसाइकिल से जब जालौन रोड वापस स घर आ रहे तभी विवेक शुक्ला ने अपनी सफारी कार से उनकी मोटरसाइकिल पर टक्कर मार दी। सफारी कर का नंबर ह्रश्व 92 क्च77 है जिससे वह मोटरसाइकिल सहित लहराती नगर पालिका के बोर्ड और कौमें से टकरा गई। गंभीर रूप से घायल मेरे भाई को इस स्थल के सामने के मकान में रहने वाले राम जीवन शुक्ला के पुत्र ने देखा उसने वीडियो बनाई और वहीं से आवाज देकर कहा दादा हमने 112 को फोन कर दिया है। लेकिन 112 के आने में देर हुई नतीजा खून बदलने के कारण गंभीर हालत संजू दुबे को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां ज्यादा खून निकल जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई।



फाइल फोटो

संजू दुबे के भाई विवेक दुबे ने आरोप लगाया है की जिस तरह से आरोपी विवेक शुक्ला ने अपनीसफारी गाड़ी से टक्कर मार मेरे भी ई की हत्या की है ।कोतवाली पुलिस को गैर इरादतन नहीं हत्या में मुकदमा दर्ज करना चाहिए। कहा कि हैरानी की बात है की विवेक शुक्ला के नामजद एफ आई आर कोतवाली में 29 मार्च 2026 मैने दर्ज कर दी थी। लेकिन नाम जल रिपोर्ट दर्ज होने के लगभग एक मांह के आसपास भी आज 27 अप्रैल 2026 में हत्या का आरोपी विवेक शुक्ला आज तक गिरफ्तार नहीं हुआ। कोतवाली पुलिस के अनुसार आरोपी की सफारी कर कोतवाली ने कोतवाली पुलिस ने पकड़ ली है। इस मामले को लेकर के शिक्षक संघ के यूटाके प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत जिला अध्यक्ष दीपेंद्र राजपूत विटामिन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक राठौर शिक्षक शर्मा अच्छा शिक्षक संघ ठाकुरई गुटशिक्षक सचेत राम गुट के नेताओं ने हत्या आरोपी को ठीक से शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। इसी तरह जन संघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ नेता रामकेश शुक्ला, शिक्षक संघ के पूर्व प्रान्तीयत एवं जन संघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ नेता गिरेंद्र सिंह , समाजवादी चिंतक और जन संघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ नेता अशोक गुप्ता महाबली पूर्व विधायक और जन संघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ नेता संतराम कुशवाहा ने संजू दुबे के हत्या आरोपी को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है ।इसी तरह भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री राजवीर सिंह जादौन , बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल शर्मा ने भी जल्द से जल्द संजू दुबे के हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। साहित्यकार यज्ञ दत्त त्रिपाठी, वरिष्ठ शायर रसूल बेग , वरिष्ठ शायर नासिर अली नदीम , सफीकुर रहमान कश्फी , जनवादी कवि केशव तिवारी बांदा प्रसिद्ध गजल कार अर्जुन सिंह चांद, कवित्री माया सिंह कवित्री डा रेनू चंद्रा,हिंदी आलोचक कमलेश शर्मा, कवित्री सीता खरे,कवि वीरेंद्र तिवारी ने संजय दुबे के हत्या आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। इसके अलावा रंग कमी राज पप्पन, इपटा अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला धनीराम संजीव लोक गायक राजेश निरंजन प्रसिद्ध गायक मिर्जा साबिर बेग संगीतकार सुरेंद्र सिंह नेभी मांगकी है संजू दुबे की हत्या आरोपी को शीघ्र से शीघ्रगिरफ्तार किया जाए । वरना हम मजबूरी में जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे

# प्रयागराज में कथित अवैध गतिविधियों को लेकर बढ़ा विवाद, अधिवक्ता ने छवि धूमिल करने का लगाया आरोप

ब्यूरो कार्यालय प्रयागराज
( यंग भारत न्यूज )

**प्रयागराज।** शहर में कुछ स्पा एवं मसाज केंद्रों से जुड़ी कथित अवैध गतिविधियों को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इस मामले में अधिवक्ता श्रद्धा शुक्ला द्वारा संबंधित विभागों से शिकायत किए जाने के बाद मामला सार्वजनिक चर्चा में आ गया है। शिकायत के बाद अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है, जिससे पूरा प्रकरण और भी संवेदनशील बन गया है।



अधिवक्ता श्रद्धा शुक्ला का कहना है कि उन्होंने शहर में संचालित कुछ स्पा/मसाज केंद्रों में अनियमितताओं और कथित अवैध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपा था। उनका आरोप है कि इन केंद्रों के पास मसाज या स्पा संचालन के लिए आवश्यक लाइसेंस तो मौजूद हैं, लेकिन लाइसेंस की आड़ में कथित रूप से अनैतिक और गैरकानूनी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके। श्रद्धा शुक्ला का यह भी कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद से कुछ लोग उनके खिलाफ भ्रामक प्रचार कर रहे हैं। उनका आरोप है कि जानबूझकर उनकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि वे दबाव में आकर शिकायत वापस ले लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति या व्यवसाय को बदनाम करना नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था और सामाजिक मर्यादाओं की रक्षा करना है। वहीं दूसरी ओर, कुछ व्यक्तियों द्वारा अधिवक्ता पर ही अलग-अलग आरोप लगाए जा रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की अब तक किसी भी आधिकारिक एजेंसी या प्रशासनिक स्तर पर पुष्टि नहीं हुई है। सूत्रों के मुताबिक, इस पूरे मामले में कई नाम सामने आने की चर्चाएं जरूर हैं, लेकिन फिलहाल किसी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई या निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किया गया है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि मामला अब आपसी विवाद और आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति में पहुंच गया है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में आमजन के बीच भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। नागरिकों और सामाजिक संगठनों की ओर से प्रशासन से मांग की जा रही है कि बिना किसी दबाव के निष्पक्ष जांच कराई जाए। प्रशासनिक स्तर पर अभी तक कोई औपचारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि शिकायत के आधार पर संबंधित विभाग तथ्यों की जांच कर रहे हैं। लोगों की नजरें अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं, ताकि पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सके और दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई हो सके।

# धीरेंद्र शास्त्री के शिवाजी वाले बयान पर हंगामा, नगीना सांसद ने उठाए सवाल, अब आई बागेश्वर बाबा की सफाई

( यंग भारत न्यूज )

नागपुर में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर दिए गए विवादित बयान ने महाराष्ट्र में तूफान खड़ा कर दिया है. जिसके बाद वे निशाने पर आ गए हैं. इस पर नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने तीखा हमला बोलते हुए इसे बहुजन समाज का अपमान बताया और माफ़ी मांगने की मांग की है.मामला बढ़ते देखे धीरेन्द्र शास्त्री ने वीडियो जारी कर उस घटना पर अपना पक्ष रखते हुए सफाई दी और कहा, 'हमने शिष्य-गुरु परंपरा के एक उदहारण को बताया था. इसमें महाराज शिवाजी का अपमान जैसा कुछ नहीं है. इसे अनावश्यक न तूल दें.' नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान धीरेन्द्र शास्त्री ने दावा किया कि शिवाजी महाराज युद्ध करते-करते थक गए थे और अपना मुकुट समर्थ रामदास स्वामी को सौंपना चाहते थे. इस दौरान मंच पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी बैठे थे. जिसके बाद यह मामला तूल पकड़ा गया. कई बहुजन संगठनों ने इस पर आपत्ति जताई है. धीरेन्द्र शास्त्री के इस बयान पर नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि यह बयान ऐतिहासिक रूप से गलत और बहुजन नायकों के सम्मान पर हमला है. सांसद चंद्रशेखर आजाद ने ट्वीट कर लिखा कि शिवाजी महाराज थककर मुकुट सौंपना चाहते थे, यह कहना उनके अदम्य साहस का अपमान है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'मुँहबोले छोटे भाई' धीरेन्द्र द्वारा नागपुर में ऐसे मंच से, जहाँ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की उपस्थिति में इस प्रकार का बयान दिया जाना, भाजपा-आरएसएस की उसी सोच का परिणाम है, जहाँ बहुजन नायकों के योगदान को कमतर दिखाने, उनके संघर्ष को कमजोर करने और उनके व्यक्तित्व को विकृत करने की कोशिश लगातार की जाती रही है.

# गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौसेवको ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौपा

### -इस राष्ट्रव्यापी अभियान में सैकड़ो गौसेवक हुए शामिल

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र में गौ–रक्षा और गौवंश संरक्षण को लेकर चल रहे राष्ट्रव्यापी 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत गौसेवको की एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली।जिला गौरक्षा प्रमुख गौरव सोनी के नेतृत्व में संत समाज और गौसेवकों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने एकजुट होकर उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्रवासियों के हस्ताक्षरयुक्त पत्र को गौसेवको ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री तक पहुंचाने की एसडीएम से अपील की।ज्ञापन में कहा गया कि भारतीय संस्कृति, अर्थव्यवस्था, मानव स्वास्थ्य, विषमुक्त कृषि और पर्यावरण संतुलन में गाय का विशेष महत्व रहा है। प्राचीन समय से ही गौवंश भारतीय जीवनशैली और परंपराओं का अभिन्न हिस्सा रहा है, लेकिन वर्तमान समय में संरक्षण और संवर्धन के अभाव में गौवंश की स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। अभियान से जुड़े लोगों ने सरकार से इस दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाने की जरूरत बताई।ज्ञापन में यह भी मांग रखी गई कि केंद्र और राज्य सरकारें गौ–माता की रक्षा, सेवा और संरक्षण के लिए व्यापक और कारगर योजनाएं लागू करें। साथ ही गौशालाओं की स्थिति में सुधार, बेसहारा गौवंश के संरक्षण, उनके लिए पर्याप्त चारा–पानी की व्यवस्था और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।अभियान से जुड़े पदाधिकारियों ने एसडीएम से अनुरोध किया कि वे इस ज्ञापन को संबंधित उच्च अधिकारियों तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाएं, ताकि इस विषय पर राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर प्रभावी निर्णय लिए जा सकें। उन्होंने प्रशासन से इस जनभावना से जुड़े अभियान में मार्गदर्शन और सहयोग देने की भी अपील की। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक शुभम,विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष साकेत शाण्डिल्य,विहिप नगर अध्यक्ष संतोष तिवारी, अशुतोष रावत, सुमित अग्रवाल, अनुज त्रिपाठी, शीलू उदैनिया, कृष पाठक, आशीष पटसारिया, महेंद्र चंदेरिया और गोपाल तीतरा सहित क्षेत्र के सैकड़ों गौभक्त उपस्थित रहे।

# बाड़े में लगी भीषण आग, किसान का गेहूं-सरसों व भूसा जलकर राख

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिरोना निवासी किसान प्रमोद विश्वकर्मा को उस समय भारी नुकसान उठाना पड़ा, जब रविवार दोपहर लगभग 12:30 बजे उनके बाड़े में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बाड़े में रखा 12 कुंतल गेहूं,4 कुंतल सरसों तथा कई कुंतल भूसे को अपनी चपेट में ले लिया।

जानकारी के अनुसार आग लगने से किसान प्रमोद विश्वकर्मा का लगभग 12 कुंतल गेहूं, 4 कुंतल सरसों तथा कई कुंतल भूसा जलकर पूरी तरह राख हो गया। आग की लपटें और धुआं उठता देख आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस तथा फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका, जिससे आसपास के अन्य घरो को बचा लिया गया। इस हादसे में किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान प्रमोद विश्वकर्मा ने बताया कि मेहनत से तैयार की गई फसल यहाँ रखी थी, जिस के जल जाने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सबाविमं मे मेधावी छात्राओ को किया गया सम्मानित

## सम्मान पाकर गदगद हो गयी छात्राएं

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** गल्ला मंडी स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, शिशु वाटिका मे कक्षा दशम, द्वादश मे उत्तीर्ण टॉप पाँच पाँच छात्राओ को सम्मानित किया गया कार्यक्रम मे शिशु कल्याण समिति के अध्यक्ष आर बी मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ दिलीप अग्रवाल, प्रबंधक कुं नरसिंह गहरवार एडवोकेट, सह प्रबंधिका मधु गुप्ता, सदस्य आनंद समरया, डॉ नीता रेजा, कृष्णा झा, प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा के साथ मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के प्रोफेसर ओम प्रकाश यादव, महेन्द्र नाथ मिश्रा, लबलेश कुमार मंच पर विराजमान रहे।विद्यालय के परीक्षा प्रभारी पंकज बाजपेई ने बताया कि इंटरमीडिएट मे कुल पंजीकृत छात्रा 99 थी, 98 छात्राओ ने परीक्षा दीं जिसमे प्रथम श्रेणी से 59, द्वितीय श्रेणी से 35, तृतीय श्रेणी से 01 छात्रा उत्तीर्ण हुयी।वही हाईस्कूल मे 91 छात्राओ ने परीक्षा दीं जिसमे 85 छात्राये प्रथम श्रेणी, 06 छात्राये द्वितीय श्रेणी से पास हुयी

कक्षा दशम / द्वादश की छात्राओ मे टॉप फाइव छात्राओ को समिति द्वारा सम्मानित किया गया जिसमे कक्षा द्वादश मे विद्यालय टॉप रही एवं साथ साथ जेई मेंस मे 93.13 प्रतिशत अंक लाने बाली छात्रा मेघा गुप्ता 435/500 के साथ महक पटेल 430/500, निशा 424/500, अनामिका 404/500, अनुष्का पटेल 404/500, दिव्या कुशवाहा 401/500, एबं कक्षा दशम मे अदितिराज 528/600, मनु 524/600, गौरी चौहान 519/600, माही 513/600, महक 504/600 अंक प्राप्त करने बाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी नरेन्द्र सिंह ने किया इस अवसर पर विद्यालय के नरेंद्र सिंह,पंकज बाजपेई, नीतू गर्ग, सरोज खरे, सरला मिश्रा,शैलेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, शिवानी सिंह, ज्योति गुप्ता,आकांक्षा सिंह,जीतेन्द्र सिंह,मनीष अग्रवाल, गौत्तम पटेल, रवि कुमार,विनीत खरे, मृदुल दुबे,सतीश पाण्डेय,कृष्णकुमार, सुनील पाठक, धीरेन्द्र सिंह, मनोज दुबे, अशोक शर्मा, हरिकिशोर, रामकुमार, अरविन्द,अंजना,आकांक्षा दीक्षित, सरिता,योगेश, अंकित पटेल,चंदा कुशवाहा, दीक्षा, सोनम, आदित्य कुमार,शुभम अग्रवाल सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना वर्मा ने उपस्थित अतिथिओ का आभार व्यक्त कर ।मेधावी छात्राओ को बधाई दी।

# दबंगो ने पिता पुत्र की जमकर की सुटाई

### -पीडितो ने लगया घर में आग लगाने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम अटा में रविवार देर शाम दबंगो की दबंगई देखने को मिली। गांव के एक व्यक्ति ने कुछ युवकों पर गाली–गलौज, मारपीट करने के साथ ही घर में आग लगाने की कोशिश का आरोप लगाया है।

घटना में पीड़ित का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।जहां डाक्टरो ने उसका उपचार किया।पीड़ित ने बताया रविवार शाम वह अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी गांव के ही कुछ युवक वहां आए और बेबजह गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर उसका पुत्र राहुल मौके पर पहुंचा और बीच–बचाव करने लगा।पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उस पर भी डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद परिजन दोनों घायलों को लेकर कोतवाली पहुंचे, जहां से पुलिस ने उन्हें डाक्टरी परीक्षण के लिए सीएचसी भेज दिया।डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।वहीं प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विधुत विजिलेंस टीम की छापेमारी से मचा हड़कंप

### -नगर के कई मुहल्लो में दी विजिलेंस टीम ने दस्तक

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में विजिलेंस टीम द्वारा व्यापक स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया गया।टीम ने नगर के पटेल नगर,जवाहर नगर सहित अन्य स्थानों पर छापामारी की गई, जिससे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई।टीम ने अवैध कनेक्शन धारको सहित विधुत चोरी करने बालो पर कठोर कार्रवाई करते हुए कहा कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा।टीन ने कहा कि विधुत चोरी कतई न करे बैध कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग करे।

इस अभियान में जे ई विजिलेंस जेई प्रमोद कुमार, बिजलेंस इंस्पेक्टर मुहम्मद आसिफ, एसडीओ धर्मेंद्र कुमार, जेई अमन पाण्डेय, जेई अमन खान,उपनिरीक्षक सुनीता, रवि कुमार, लाइनमैन धीरज कुशवाहा एवं राज कुमार सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।विजिलेंस टीम द्वारा संदिग्ध विद्युत कनेक्शनों और अनियमितताओं की गहन जांच की गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उपभोक्ताओं के कनेक्शन, मीटर और बिजली उपयोग से संबंधित दस्तावेजों की जांच पड़ताल की। बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य बिजली चोरी पर रोक लगाना और उपभोक्ताओं को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना है। टीम ने लोगों से अपील की कि वे वैध कनेक्शन का ही उपयोग करें और किसी भी प्रकार की परेशानी से बचे। विजिलेंस विभाग ने संकेत दिए हैं कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# सड़क पर कुत्ता आ जाने से असंतुलित हुई बाइक

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** एक सड़क हादसे में बुजुर्ग समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक बाइक के सामने अचानक आवारा कुत्ता आ जाने से बाइक चालक संतुलन खो बैठा और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा।जिसमे बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप रे घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, झीलरा तीतरा निवासी अशोक कुमार उम्र 60 वर्ष अपने बेटे जसन प्रसाद उम्र 26 वर्ष और बेटी रिया देवी उम्र 17 वर्ष को लेकर बाइक से झांसी जा रहे थे। दोनों को होमगार्ड भर्ती परीक्षा में शामिल होना था। सुबह घर से निकलने के बाद जब वे उरई रोड स्थित ग्राम पड़री के पास पहुंचे, तभी अचानक एक कुत्ता उनकी बाइक के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में अशोक कुमार बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सके और तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।हादसे के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीरों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों की मदद की और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां डॉक्टरों ने सभी घायलो का प्राथमिक उपचार किया। अशोक कुमार की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया।

# कोंच में चुपचाप स्मार्ट मीटर लगा रहे दो विधुत कर्मियों को महिलाओं ने 3 घण्टे तक बना लिया बंधक

## सूचना पाकर मौके पहुंचे अधिकारियो से सभासद माधव से की हुई नोकझोंक

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** विधुत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर लोगो के लिए आफत बने है।पुष्पा गार्डन के पास बिजली विभाग के कर्मचारी चुपचाप तरीके से घरों में मीटर लगाने पहुंचे तो हंगामा खड़ा हो गया। गुस्साई महिलाओं ने दो कर्मचारियों को एक मकान में तकरीबन तीन घंटे तक बंधक बनाकर रखा। सूचना मिलने पर विजिलेंस टीम और बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन स्थिति शांत कराने के बजाय मामला और बिगड़ गया। महिलाओं और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। आरोप है कि इस दौरान विजिलेंस टीम ने महिलाओं के परिजनों को पकड़ने की कोशिश की, जिससे आक्रोश बढ़ गया और मौके पर हंगामा शुरू हो गया। महिलाओं का कहना है कि पिछले दिनों बिना किसी पूर्व सूचना के उनके घरों में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा दिए गए। कई घरों में ताले लगे होने के बावजूद मीटर स्थापित कर दिए गए, जिससे लोगों में नाराजगी है। उनका आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के कुछ ही दिनों बाद कई घरों की बिजली आपूर्ति बंद हो गई और अब वे रिचार्ज भी नहीं करा पा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि इस समस्या की शिकायत स्थानीय अधिकारियों से भी की गई थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उनका कहना है कि वे पिछले करीब एक माह से बिना बिजली के जीवन यापन करने को मजबूर हैं। मजदूरी कर परिवार चलाने वाले लोगों के सामने अब स्मार्ट मीटर का खर्च उठाना भी बड़ी समस्या बन गया है। घटना के दौरान महिलाओं ने विजीलेंस की टीम पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया।महिलाओ ने कहा कि.विजिलेंस टीम के लोगो ने मारपीट की तथा कहा कि भाग जाओ नही तो पटककर मारेगे।जव इसकी जानकारी युवा सभासद माधव यादव को लगी तो वह भी सभासद रघुवीर कुशवाहा के साथ मौके पर पहुंचे तथा विजिलेंस टीम से बात की माधव का कहना है कि टीम किसी की सुनने को तैयार नही थी।वहीं, स्थिति बिगड़ती देख कुछ अधिकारी और कर्मचारी वहां से खिसक लिए।

### क्या कहा एसडीओ ने

इस संबंध में एसडीओ धर्मेंद्र कुमार से बात की तो उन्होने बताया कि मुहल्ला के लोगो ने मीटर खराब होने की सूचना ऑनलाइन नम्बर पर की थी जिस पर मीटर लगाने का काम देख रहे दीपक व आशू बाइक से मौके पर पहुंचे तो वहां पहले एकत्रित महिलाओ ने नए मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाने की बात की जिस पर जव मीटर ठीक करने गए कर्मचारियो ने असमर्थता व्यक्त की तो महिलाओ ने दोनो को घर के अंदर बंधक बना लिया।उन्होने कहा महिलाओ द्वारा लगाए गए मारपीट व टीम द्वारा की गयी अभद्रता के आरोप बेबुयाद व गलत है।उन्होंने कहा सभी लोग टीम का सहयोग करे।

# भीषण गर्मी में गला तर करने को परेशान राहगीर नगर के वाटर कूलर दे रहे गर्म पानी

### -नगरपालिका की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** बैरोमीटर में लगातार बढ रहे पारे का लेवल 43–44 डिग्री सेल्सियस हो जाने से आमजन बुरी तरह से परेशान है। ऐसी भीषण गर्मी के बीच नगर पालिका परिषद की बड़ी लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। नगर में लगाए गए अधिकांश वॉटर कूलर या तो पूरी तरह खराब पड़े हैं या फिर ठंडे पानी की जगह गर्म पानी दे रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीण क्षेत्र से आने बाले लोग गला तर करने के लिए दर–दर भटकने को मजबूर हैं।

नगर के प्रमुख स्थानों पर आम जनता और राहगीरों की सुविधा के लिए लगाए गए आरओ वॉटर कूलर इस समय सिर्फ सोपीस बनकर रह गए हैं। कहीं मशीनें बंद हैं तो कहीं महीनों से रखरखाव नहीं हुआ। आलम यह है कि गर्मी में राहत देने वाले ये कूलर खुद ही बीमार पड़ कर लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। सबसे ज्यादा खराब स्थिति पिंडारी रोड स्थित आईटीआई कॉलेज और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पास देखने को मिल रही है, जहां लगा वॉटर कूलर एक साल से अपने स्थान से गायब है और सिर्फ उसका ढांचा भर खड़ा रह गया है। इससे आसपास के लोग, छात्र–छात्राएं और कांशीराम कालोनी के निवासी खासे परेशान हैं। इधर, कैलिया बस स्टैंड का वॉटर कूलर भी कई दिनों से खराब पड़ा है और उसमें ठंडे पानी की जगह गर्म पानी निकल रहा है। यहां आने वाले यात्रियों को मजबूरन पैसे खर्च कर बोतल बंद पानी से अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। दुकानदार और मजदूर भी इधर–उधर से पानी का इंतजाम कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। कैलिया रोड स्थित तकिया खुर्रमशाह के पास लगा वॉटर कूलर तो पूरी तरह बेकार पड़ा है, न पानी, न कोई व्यवस्था। इसके अलावा बजरिया पावर हाउस तहसीलदार आवास, खेड़ा चौराहा, बड़ी माता मंदिर, दोहर चौराहे, स्टेट बैंक चौराहे, चंदकुआ चौराहे पर लगे वॉटर कूलर भी खराब पड़े हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी में यही हाल रहता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजों में व्यवस्था दिखाते हैं। मौके पर कोई सुधार नहीं होता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भीषण गर्मी पड़ने लगी है पल पल पर प्यास लगने लगती है, जल्द से जल्द खराब पड़े वॉटर कूलरों को दुरुस्त कराया जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी प्यास बुझ सके।

### क्या बोले पालिका के जिम्मेदार

नगर पालिका के आरआई सुनील कुमार का कहना है कि नगर में लगे वॉटर कूलरों की मरम्मत का कार्य लगातार कराया जा रहा है। जहां–जहां से खराब होने की सूचना मिल रही है, वहां वॉटर कूलरों को ठीक कराया जा रहा है।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही पर कड़ा रुख, समयबद्धता व गुणवत्ता पर डीएम का फोकस

## जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में 292 परियोजनाओं की प्रगति परखी, जिम्मेदारों को सख्त निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में संचालित निर्माण कार्यों और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निर्माण कार्यों से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं, ओटीडी सेल की त्रैमासिक समीक्षा तथा क्रस्नर और स्स्थ सर्वेक्षणों की प्रगति का गहन परीक्षण किया गया।समीक्षा के दौरान सीएमआईएस पोर्टल पर एक करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली कुल 292 परियोजनाओं की स्थिति का आकलन किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं की प्रगति पर सख्त नजर रखते हुए निर्देश दिए कि बिना पूर्व सूचना के किसी भी स्तर पर प्रतिनिधित्व या कार्य में ढिलाई पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं—जैसे जिला कारागार उरई, मेडिकल कॉलेज में 50 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट तथा तहसील उरई के आवासीय भवन निर्माण—की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया।इन कार्यों में हो रही देरी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित परियोजना प्रबंधकों और अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही नर्सिंग कॉलेज निर्माण कार्य में विलंब पर भी जवाबदेही तय करने को कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि सभी परियोजनाओं में कार्य प्रारंभ होने से पूर्व जनप्रतिनिधियों द्वारा विधिवत भूमि पूजन कराया जाए तथा निर्माण प्रक्रिया को पारदर्शी और मानक अनुरूप बनाया जाए। बैठक में कृषि, उद्यान, पशुपालन एवं मत्स्य क्षेत्र की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने खाद्यान्न, दलहन, तिलहन के उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ फल, सब्जी, मसाला एवं पुष्प उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और मत्स्य पालन के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, जिससे जनपद की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया जा सके। इसके अतिरिक्त पीएलएफएस और स्स्थ सर्वेक्षणों को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभागों और समिति सदस्यों से सक्रिय सहयोग सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि जनपद की विकास योजनाओं का सही आंकलन हो सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, जिला विकास अधिकारी निशान्त पांडे, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नीरज चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारियों के साथ हुई बैठक

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 09 मई 2026 को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु आज माननीय जनपद न्यायाधीश श्री विरजेन्द्र कुमार सिंह के कुशल-मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी/अपर जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र द्विवेदी के विश्राम कक्ष में उनकी अध्यक्षता में जिले के विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इसमें उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

नोडल अधिकारी/अपर जिला न्यायाधीश सतीश चन्द्र द्विवेदी ने जिला प्रशासन के से अपर जिला मजिस्ट्रेट (नमामि गंगे) श्री प्रेमचन्द्र मौर्य से कहा कि वे विभिन्न उपजिला मजिस्ट्रेट न्यायालयों में लम्बित दाण्डिक प्रकीर्ण वादों को एवं तहसील स्तर पर लम्बित राजस्व मामलों को चिन्हित कराकर अतिशीघ्र इनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध करायें और अपने विभाग से सम्बन्धित मामलों में तत्परता से पैरवी कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित पुलिस विभाग के प्रतिनिधि क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद पचौरी से अपेक्षा की गयी कि वह अपने स्तर से सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को इस आशय का निर्देश निर्गत करें कि वे विभिन्न न्यायालयों से निर्गत सम्मन/नोटिसों का तामीला शत् प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें, क्यों कि यह तथ्य संज्ञान में आया है कि कतिपय थानों से सम्मन/नोटिसों का तामीला सही ढंग से नहीं कराया जाता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी प्रथम द्वारा बैठक में उपस्थित अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आनन्द प्रकाश वर्मा से अपेक्षा की गयी कि वह आशा बहुओं की होने वाली नियमित बैठकों में राष्ट्रीय लोकअदालत के आयोजन का प्रचार कराये जाने हेतु उन्हें निर्देशित करें तथा चिकित्सा विभाग से सम्बन्धित लम्बित तथा प्री लिटिगेशन वादों की नियत वादों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उरई को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित परिवहन विभाग से जिला परिवहन अधिकारी श्री विनय कुमार पाण्डेय से कहा कि ऐसे मामलों को चिन्हित कराकर न्यायालय में सक्षम पैरवी करायें, जिनका निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। इस सम्बन्ध में उपस्थित समस्त अधिकारियों ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से एचईओ अरविन्द सिंह उपस्थित रहे।

# तेजगति से आ रही कार के चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाल-बाल बची जान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली चुंगी नंबर चार के पास स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार के चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद राहगीरों ने तुरंत मानवता दिखाते हुए घायल बाइक सवार को उठाकर और जालौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे टक्कर इतनी जोरदार हुई कि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। फिलहाल घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है।घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने पर नाराजगी जताई है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है,ताकि ऐसे हादसों पर लगाम लगाई जा सके।

# अपना दल (एस) के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह चंद्रकांता बिला में आज-अनिल कुदारी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** अपना दल दल (एस) के मनोनीत पदाधिकारियों का सम्मान समारोह 28 अप्रैल दिन मंगलवार को 11 बजे जिला परिषद रोड़ मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के बगल में स्थित चंद्रकांता बिला उरई में आयोजित किया जायेगा।उक्त बात की जानकारी देते हुए अपना दल दल (एस) के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने बताया कि 28 अप्रैल मंगलवार को मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के बगल में स्थित चंद्रकांता बिला के सभागार में अपना दल (एस) के मनोनीत पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन के सभी मनोनीत पदाधिकारी एवं संगठन के कार्यकर्ता झांसी रोड़ स्थित अपना दल (एस) जिला कार्यालय से एक साथ जुलूस के रूप में निकलेंगे जो झांसी रोड होते हुए इलाहाबाद बैंक चौराहा, माहिल तालाब, घंटाघर, शहीद भगतसिंह चौराहा, अम्बेडकर चौराहा होते हुए कार्यक्रम स्थल चंद्रकांता बिला पहुंचेंगे जहां पर विशाल सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संगठन के मनोनीत पदाधिकारियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

# कराटे चैंपियनशिप में जालौन का जलवा, चार पदक झटके

( यंग भारत न्यूज )



- लखनऊ में तीन दिवसीय प्रतियोगिता में दिखाया दम
- श्रीम को सिल्वर, समीर व अंश को ब्रॉन्ज

**उरई,जालौन।** लखनऊ में आयोजित स्टेट कराटे चैंपियनशिप में जालौन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार पदक अपने नाम किए। कराटे ऑफ इंडिया के तत्वावधान में चौक स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

जालौन डिस्ट्रिक्ट कराटे एसोसिएशन के अंतर्गत हयात कराटे क्लब के चार खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में श्रीम तिवारी ने सिल्वर मेडल जीता, जबकि समीर अहमद और अंश कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। अन्य प्रतिभागी ने भी अच्छा प्रदर्शन कर सराहना बटोरी। प्रतियोगिता से लौटने पर खिलाड़ियों का जनपद में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। परिजनों, खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खुशी जाहिर की। खिलाड़ियों की इस सफलता से जिले में कराटे समेत अन्य खेलों के प्रति युवाओं में उत्साह बढ़ा है। खेल प्रेमियों का कहना है कि उचित प्रशिक्षण व प्रोत्साहन मिलने पर जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना सकते हैं।

# जन सुनवाई में दिखी प्रशासन की संवेदनशीलता, फरियादियों को मिला त्वरित समाधान

## डीएम ने कहा-हर शिकायत का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना प्राथमिकता है

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित व समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान प्रशासन की सक्रियता और जवाबदेही का प्रभावी उदाहरण देखने को मिला, जहां कई मामलों में तत्काल समाधान कर लोगों को राहत प्रदान की गई।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी शिकायत को औपचारिकता न मानकर प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं का समाधान ही प्रशासन की असली कसौटी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। जन सुनवाई में आए फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं—भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, पेंशन, आवास, चिकित्सा सहायता सहित अन्य विषयों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कई मामलों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराया, जिससे लोगों के चेहरे पर संतोष और विश्वास झलकता नजर आया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जो प्रकरण तत्काल निस्तारित नहीं हो सकते, उनका भी निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए और शिकायतकर्ता को प्रगति से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि आमजन के विश्वास को मजबूत करने का सशक्त मंच है। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता, जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जन सुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर सुशासन की भावना को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

# जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं पर डीएम की पैनी नजर, मरीजों को राहत देने के निर्देश

## भीषण गर्मी से बचाव के लिए कूलर, वाटर कूलर व एसी की व्यवस्था के आदेश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशात्मक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, इंजेक्शन कक्ष, वार्डों सहित विभिन्न व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया। ओपीडी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि इंजेक्शन कक्ष में फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति के कारण मरीजों की लंबी कतार लगी हुई थी, जिससे लोगों को अनावश्यक परेशानी हो रही थी। इस पर उन्होंने तत्काल प्रभाव से एक अतिरिक्त फार्मासिस्ट की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को समयबद्ध और सुचारु उपचार मिल सके।भीषण गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में व्यापक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने आरईएस के अभियंता को ओपीडी के बाहर शेड बनाकर कूलर लगाने के निर्देश दिए, जिससे मरीजों और तीमारदारों को लू से राहत मिल सके। इसके साथ ही परिसर में दो अतिरिक्त वाटर कूलर स्थापित करने के निर्देश दिए गए, ताकि सभी को स्वच्छ व शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके। वार्डों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में दो-दो एसी एक सप्ताह के भीतर स्थापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में सभी मूलभूत सुविधाएं हर हाल में सुनिश्चित की जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का फीडबैक लिया। इसी दौरान वार्ड में भर्ती कक्षा 8 की छात्रा नव्या से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी ने उसके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। छात्रा ने बताया कि उसे दस्त और उल्टी की समस्या थी। जिलाधिकारी ने तत्काल चिकित्सकों को निर्देशित किया कि बच्ची का समुचित और बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा उसकी हर आवश्यक सुविधा प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान एक भावनात्मक क्षण भी सामने आया, जब छात्रा नव्या ने जिलाधिकारी को पहचानते हुए बताया कि वे उसके विद्यालय निरीक्षण के दौरान आए थे। इस पर जिलाधिकारी ने उसे आश्वस्त करते हुए कहा कि विद्यालय की बाउंड्री व मैदान के समतलीकरण के कार्य स्वीकृत कर दिए गए हैं और शीघ्र ही पूर्ण कराए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार, स्वच्छ वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, सीएमएस आंनद उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक की खेत मे खड़ी फसल जबरन काट ले गए दबंग

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा, कठोर कार्यवाही की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** माधौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम सिहारी निवासी वरिष्ठ नागरिक राघवेंद्र सिंह तोमर पुत्र गंगा सिंह ने आज कलेक्ट्रेट पहुंच कर अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उप जिलाधिकारी माधौगढ़, न्यायिक अधिकारी ग्राम न्यायालय माधौगढ़, अभिलाष मिश्रा थानाध्यक्ष माधौगढ़ एवं हल्का इंचार्ज एसआई शिवकरन सिंह आदि के द्वारा संयुक्त मोर्चा खोलकर दबैग एवं बाहूबली हूं माफिया तिहरे हत्याकांड का आजीवन सजायाफ्ता अभियुक्त कल्लू सिंह उर्फ बलवीर सिंह तथा उसकी पत्नी कल्पना आदि निवासी अटागांव थाना माधौगढ़ की आपराधिक गतिविधियों में एकजुट होकर उक्त लोगों द्वारा पीड़ित की मौजा अटागांव तहसील माधौगढ़ में स्थित आराजी संख्या 480 रकवा 3.372 हे. कृषि भूमि पर खड़ी गेहूं की फसल 24 अप्रैल को दिनदहाड़े करवाकर डलवाई गयी डकैती के तहत उपरोक्तो द्वारा पीड़ित प्रार्थी को मृत्यु या इससे भी अधिक घोर उपहति में डालकर आत्महत्या करने को विवश कर दिया है।

# गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया

## गो सम्मान आवाहन अभियान के तहत दो भक्तों ने नारे लगाते हुए तहसील परिसर में निकला जुलूस

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए आज गो सम्मान आवाहन अभियान के तहत समाजसेवी विनीता पांडे,महंत गौरव महराज, ईश्वर दास महाराज, सागर मुनि महाराज के संयुक्त नेटवर्क में। आज एक जुलूस भीषण गर्मी मै सुबह 11:00 बजे तहसील परिसर में निकाला गया ।जुलूस में शामिल सभी लोग गाय को राष्ट्र माता घोषित करो। के जोर-जोर से नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस तहसील उरई कार्यालय पहुंचा तो पता चला एसडीएम उरई तहसीलदार उरई नायबतहसीलदार सभी अधिकारी तहसील में नहीं है वह होमगार्ड के हो रही परीक्षा में निगरानी करने गए हैं ।इस पर सभी लोगों ने यह निर्णय लिया कि अब कलेक्ट्रेट चल कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया जाए।

इसके बाद यह दाल कलेक्ट्रेट पर सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार से मिला ।और उन्हें गाय को राष्ट्रमाता करने संबंधी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देखकर उनसे अनुरोध किया उपरोक्त सभी माननीयोको गाय को राष्ट्र माता घोषित करने संबंधी मांग के बारे में जानकारी देने का कष्ट करें। ज्ञापन और जुलूस में उपरोक्त के अलावा नरेंद्र मिश्रा, हिमांशु तिवारी, प्रवेश कुमारी सुलक्षणा रजनी खरे विनीत वर्मा, अमन राव आदि।

# आयकर कार्यालय में श्यामा पोर्टिको, उरई में 'प्रारंभ आउटरीच कार्यक्रम' का सफलतापूर्वक किया गया आयोजन

**उरई ( जालौन )।** आयकर कार्यालय, उरई द्वारा आज 27 अप्रैल 2026 को श्यामा पोर्टिको, उरई में 'प्रारंभ आउटरीच कार्यक्रम' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य करदाताओं को आयकर से संबंधित नवीनतम प्रावधानों, अनुपालन प्रक्रियाओं एवं सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में दुर्गेश शुक्ला (भा. रा. से.) अपर आयकर आयुक्त, रेंज-2(1), कानपुर मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित रहे तथा अपने संबोधन में नए आयकर अधिनियम, 2025, आयकर नियम एवं फॉर्म तथा अन्य विषयों पर बहुत ही गहनता से प्रकाश डाला। इस अवसर पर अनेक चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) एवं आयकर अधिवक्ताओं ने भी भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों ने आयकर विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं, नई नीतियों एवं करदाताओं की समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें करदाताओं एवं पेशेवरों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन आयकर विभाग, उरई में पदस्थापित शम्भू दयाल तिवारी, आयकर अधिकारी, विनय कुमार यादव, आयकर निरीक्षक, अनुपम पांडे, आयकर निरीक्षक, आयुष श्रीवास्तव, कर सहायक, योगेश पांचाल एवं अजय मिश्रा द्वारा किया गया।

# गौरक्षकों ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** गौरक्षकों ने तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को संबोधित को एक ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार तारा शुक्ला को सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से गौ सेवकों ने प्रधानमंत्री से गाय माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने व गो बोर्ड बनाकर गोमाता की चारा व सुरक्षा के लिए कानून बनाने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर आंदोलन की भी बात कही।

सोमवार को गोसेवकों ने अनिल शिवहरे व राजासिंह सेंगर गधेला के नेतृत्व तहसील परिसर में तख्ती लेकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार तारा शुक्ला को सौंपाकर बताया कि वह राष्ट्रहित में चाहते हैं कि संपूर्ण देश में गोवंश को उचित सम्मान मिले। भारत में गोहत्या पूर्णत: समाप्त हो। कानून बनाकर गोमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए। इसके साथ ही एक बोर्ड बनाया जाए जिसमें केंद्रीय गोपालन मंत्रालय बने जो चारा व गोसुरक्षा कानून का निर्माण करे। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि किसी कारण से प्रथम चरण में गोसेवा, गोसुरक्षा और गोसम्मान का कार्य पूर्ण नहीं होता है तो 27 जुलाई 2026 को जिला स्तर पर दूसरा प्रयास करेंगे। यदि दूसरे चरण से भी बात नहीं बनी तो 27 अक्टूबर 2026 को राज्य को राजधानी पर तीसरा प्रयास होगा। तीसरे चरण में भी मांगे न मानी गई तो तो 27 फरवरी 2027 से छह माह तक दिल्ली के धरने में कम से कम सात दिन का समय गोहित में दान करेंगे। 15 अगस्त 2027 तक भी कार्य सिद्धि नहीं होने पर संतों और गोभक्तों द्वारा कार्य सिद्धि तक किए जाने वाले शंतिपूर्ण आमरण अनशन का समर्थन करेंगे। इस मौके पर राजा सिंह सेंगर, अनिल शिवहरे, अभिषेक सेंगर, बॉबी कुशवाहा, लालन ताम्रकार, मनोज गुप्त, मधु पांडेय, हनी भदोरिया, पान सिंह, प्रमोद तिवारी, प्रेमसिंह राठौर, शैलेश रूसिया, निखिल गोर, अनुराग, प्रशांत, राजकुमार लौना, विनय कुमार, उमेश, मोहित, दीपेंद्र आदि रहे।



# पुलिस ने परिजनों का पता लगाकर बच्चे को उनके सुपुर्द किया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** नवीन गल्ला मंडी के पास एक पांच वर्षीय बालक अपने परिजनों से बिछड़ गया। बच्चा रोता हुआ गल्ला मंडी के सामने स्थित टिंकू की दुकान पर पहुंच गया। पुलिस ने परिजनों का पता लगाकर बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया।

नवीन गल्ला मंडी के पास टिंकू की दुकान पर कुछ लोग बैठे थे। तभी एक पांच वर्षीय बालक वहां से रोता हुआ जा रहा था। बच्चे के साथ कोई और नहीं था। दोपहर में बच्चे को अकेला रोकर जाते हुए वहां बैठे लोगों ने देखा तो बच्चे को रोककर उससे नाम पूछा। बच्चे ने अपना नाम सक्षम पिता का नाम दीपू और मां का नाम पूजा बताया। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मिशन शक्ति टीम ने बच्चे के परिजनों का पता लगाया और बच्चे को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे को पाकर माता पिता ने पुलिस की सराहना की है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाईक सवार घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने बाइक सवार को सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में उसका उपचार चल रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मुरलीमनोहर निवासी दीपक कुमार सोमवार की दोपहर चुंगी नंबर चार के पास से से वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वह चुंगी नंबर चार के पास स्थित पेट्रोल टैंक के करीब पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दीपक बाइक से उछलकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। में चुंगी नंबर चार के पास स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से निकल रहे राहगीरों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## वारंटी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त दीपू रैदास पुत्र सीताराम रैदास निवासी ग्राम कंझारी थाना कुठौन्द जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

# मेधावियों को फूल मलाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मनित किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** पंडित लक्ष्मण प्रसाद पचौरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मेधावियों को फूल मलाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मनित किया गया।




विद्यालय के छात्र यशवर्धन पचौरी ने हाईस्कूल की परीक्षा में 90 फीसदी अंक लाकर कक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया। 86 प्रतिशत अंकों के साथ काव्या दूसरे स्थान पर रहीं। यशवेंद्र वर्मा 85 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा साक्षी पाठक ने 82 फीसदी अंक हासिल किए। वहीं धर्मेंद्र, हर्षराज, अनुष्मा, निशि ने 70 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। निखिल, हर्षित, अदिति, कशिश, मोना रिहान, फैजान ने भी 65 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त कर परिजनों का मान बढ़ाया। सोमवार को विद्यालय परिसर में सभी मेधावियों को फूल मालाएं पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। प्रबंधक योगेश पचौरी ने कहा सभी मेधावियों ने कड़ी मेहनत की है, जिसका परिणाम यह रिजल्ट दिखाता है। आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहें। अध्यक्ष शुभा शर्मा ने कहा कि छात्रों को उनकी मेहनत का परिणाम मिला है। जीवन में परीक्षाएं आती रहेंगी आप सब इसी तरह उनमें पास होकर निकलें। शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वलन भविष्य की कामना की।

# हनुमंत साधना धाम पर 23वां वार्षि सवामनी हवनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** हनुमंत साधना धाम पर 23वां वार्षि सवामनी हवनोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

बंबा रोड पर छठी माता मंदिर के पास स्थित हनुमंत साधना धाम पर 23वां वार्षिक सवामनी भोज व हवनोत्सव कार्यक्रम का दो दिवसीय आयोजन किया गया। हवन से पहले अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। पुजारी रमेशचंद्र महाराज एवं भार्या सुशीला देवी के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद सोमवार को विधि विधान से हवन कुंड में आहूतियां दिलाई गई। विश्व में मंगल व कल्याण की कामना की गई। हवन पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद को चखा

# मेधावियों को फूल मलाएं पहनाकर एवं मुँह मीठा कराकर सम्मनित किया



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मेधावियों को फूल मलाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मनित किया गया।

क्षेत्रीय ग्राम ईंगुई स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की छात्रा साक्षी ने हाईस्कूल की परीक्षा में 90 फीसदी अंक लाकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ निशा दूसरे स्थान पर रहीं। 86 फीसदी अंकों के साथ अनस तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा सोनाक्षी पटेल, ओमजी, कृष्णा गिरी व श्रेया ने 85 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में आफरीन 78 फीसदी अंकों के साथ कक्षा में पहले स्थान पर रहीं। माधव सिंह, शिवि राजावत, आदित्य कुमार व पुष्पेंद्र सिंह ने भी 75 फीसदी से अधिक पाकर परिजनों का मान बढ़ाया। सोमवार को विद्यालय परिसर में सभी मेधावियों को फूल मालाएं पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। प्रबंधक जयदीप सिंह ने कहा सभी मेधावियों ने कड़ी मेहनत की है। अंकों के रूप में उनका परिणाम मिला है। आगे भी बच्चे इसी तरह मेहनत करते रहें। प्रधानाचार्य अनिल कुमार याज्ञिक ने कहा कि छात्रों को उनकी मेहनत का परिणाम मिला है। जीवन में परीक्षाएं आती रहेंगी आप सब इसी तरह उनमें पास होकर निकलें। शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वलन भविष्य की कामना की। इस मौके पर दिनेश सिंह चौहान, राजेश सिंह आदि रहे।

# माधौगढ़ में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का 8 मई को होगा अनावरण

### क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील



( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ जालौन :** क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण आने वाला है, जब वीरता और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम 8 मई 2026 को शाम 4 बजे माधौगढ़ में आयोजित होगा।

आयोजक सदस्य के टी तोमर की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को इस ऐतिहासिक अवसर पर सादर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने अपील की है कि अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर इस गौरवपूर्ण क्षण के साक्षी बनें और महाराणा प्रताप जी के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित करें। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन न केवल ऐतिहासिक महत्व रखता है, बल्कि नई पीढ़ी को वीरता, त्याग और देशभक्ति की प्रेरणा भी देगा। आयोजन समिति ने कहा कि क्षेत्रवासियों की गरिमामयी उपस्थिति ही इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी शक्ति होगी।

# बेचने के उद्देश्य से घूम रहे आरोपी को कच्ची दारू सहित पकड़ा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** नाजायज तरीके से कच्ची शराब को बेचने के उद्देश्य से घूमने वृद्ध को भारी पड़ गया। टरननगंज चौकी इंचार्ज की टीम ने घेराबंदी करके 5 लीटर कच्ची शराब समेत गिरफ्तार करके आरोपी को आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक दिनांक 26.04.2026 को कोतवाली कालपी के सब इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र व सिपाही अभिषेक कुमार मुन्ना फुल पावर चौराहे में पहुंचे तो मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पोस्ट ऑफिस के बगल में मोहल्ला काजीपुरा जाने वाले रास्ते पर हाथ में लिए प्लास्टिक की पिपिया जिसमें कच्ची शराब है कहीं बचने के लिए जा रहा है। यदि जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर सूचना पर जैसे ही पुलिस टीम पोस्ट ऑफिस के बगल से मोहल्ला काजीपुरा जाने वाले रास्ते पर छात्रावास के पास पहुंची कि सामने से एक व्यक्ति नीले रंग का पेंट व शर्ट पहने हुए अपने दाहिने हाथ में प्लास्टिक की पिपिया लिए आता हुआ दिखाई दिया। तभी पुलिस टीम ने आरोपी को दविश देकर घेर कर आवश्यक बल प्रयोग कर पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति से उसका पता पूछते हुए जामा तलाशी दी गई तो उसने अपना नाम मोहनलाल पुत्र स्वर्गीय भागीरथ निवासी मोहल्ला काजीपुरा कस्बा व थाना कालपी जिला जालौन उम्र करीब 65 वर्ष बताया हाथ में लिए प्लास्टिक की पीपिया के बारे में कड़ाई से पूछा गया तो बोला कि मैं पिपिया में करीब 5 लीटर कच्ची देसी शराब है जिसे मैं बेचना जा रहा था आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

# विषाक्त पदार्थ के सेवन से अचेत युवती अस्पताल में भर्ती

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मगरौल में रहने वाली 18 वर्षीया युवती लक्ष्मी के द्वारा विषाक्त पदार्थ खाने से हालत बिगड़ गई।बेहोशी की अवस्था में परिजनों के द्वारा महिला को सीएचसी कालपी में भर्ती कराया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती युवती का अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक चक की टीम के द्वारा उपचार किया गया।

# अब घर बैठे जनगणना स्व-गणना पोर्टल से जुड़ेगा हर परिवार

### अपर जिलाधिकारी ने दी जानकारी—आसान प्रक्रिया से खुद दर्ज करें अपना डेटा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार ने जनगणना की आगामी प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि अब आमजन के लिए स्व-गणना (Self Enumeration) की सुविधा शुरू की जा रही है, जिससे नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था पारदर्शिता, सटीकता और समयबद्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि नागरिकों को सबसे पहले निर्धारित पोर्टल पर जाकर लॉगिन करना होगा, जिसके बाद परिवार के मुखिया के नाम, मोबाइल नंबर आदि के माध्यम से पंजीकरण किया जाएगा। इसके बाद भाषा चयन, ओटीपी सत्यापन और स्थान की पहचान की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उन्होंने कहा कि चयनित भाषा एवं दर्ज की गई मूल जानकारी बाद में परिवर्तित नहीं की जा सकेगी, इसलिए सावधानीपूर्वक विवरण भरना आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया कि पोर्टल पर उपलब्ध मैप के माध्यम से अपने निवास स्थान को चिन्हित कर सटीक लोकेशन दर्ज करनी होगी। इसके उपरांत प्रश्नावली को पूर्ण कर डेटा का पूर्वावलोकन (Preview) किया जाएगा, जिससे किसी भी त्रुटि को अंतिम सबमिशन से पहले सुधारा जा सके। अंतिम सबमिशन के बाद एक यूनिक स्श्व ID जनरेट होगी, जो आगे की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण होगी। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जब जनगणना कर्मी (Enumerator) क्षेत्र में सत्यापन के लिए आएंगे, तो नागरिकों को अपनी SE ID साझा करनी होगी, जिससे डेटा का मिलान कर सत्यापन किया जा सके। उन्होंने बताया कि यदि रिकॉर्ड मेल खाता है तो प्रक्रिया तुरंत पूर्ण हो जाएगी, अन्यथा आवश्यकतानुसार पुन: डेटा संकलन किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्व-गणना की इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करें, जिससे जनगणना प्रक्रिया को सफल बनाया जा सके। यह पहल न केवल समय की बचत करेगी बल्कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता भी बढ़ाएगी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत, दूसरा गंभीर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** कुठोंद थाना क्षेत्र के उमरी मार्ग पर सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो मजदूर अज्ञात वाहन की टक्कर का शिकार हो गए। हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार कुठोंद थाना क्षेत्र के ग्राम हुसैपुरा सुरई निवासी दो मजदूर सोमवार सुबह लगभग 9 बजे बाइक से उरई मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। तभी उमरी मार्ग पर किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मजदूर सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कुठोंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद एक मजदूर को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान ग्राम हुसैपुरा सुरई निवासी मजदूर छुन्ना बाबू (55वर्ष) पुत्र मदाली के रूप में हुई है, वही घायल का नाम प्रदीप बाबू 35 वर्ष पुत्र रामशरण बताया गया हैं, दोनो हुसे पुरा सुरई निवासी बताये गये है।हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटना करने वाले अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि उमरी मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन लगातार बना रहता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क पर निगरानी बढ़ाने और तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सेवा संकल्प ग्रुप ने असहाय बिटिया की मदद को बढ़ाया हाथ

( यंग भारत न्यूज )



**माधोगढ़ जालौन।** समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए सेवा संकल्प ग्रुप ने एक जरूरतमंद परिवार की बेटी की मदद के लिए सराहनीय पहल की। ग्राम नयानगर, पोस्ट रहरा बाजार निवासी ममता शर्मा, पिता स्वर्गीय परशुराम शर्मा की बेटी को ग्रुप की ओर से 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता और एक साड़ी भेंट की गई।

इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके। स्थानीय लोगों ने सेवा संकल्प ग्रुप के इस कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया। वहीं, लाभार्थी परिवार ने भी संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रात को बेडरूम में भतीजी संग पकड़ा गया चाचा, सुबह होते ही दोनों गायब. शर्मिंदगी में पिता ने खाया जहर

( यंग भारत न्यूज )

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के खुटार कस्बे से रिश्तों को तार-तार कर देने वाली एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है. यहां एक सगे चाचा ने ही पवित्र रिश्ते को कलंकित करते हुए अपनी 16 वर्षीय नाबालिग भतीजी का अपहरण कर लिया.



इस शर्मनाक हरकत और भाई के विश्वासघात से आहत होकर किशोरी के पिता ने मौत को गले लगाने की कोशिश की है. यह पूरी वारदात शनिवार रात की है. खुटार कस्बे में रहने वाले एक परिवार की नींद उस वक्त उड़ गई जब रात करीब 1:30 बजे किशोरी की मां की अचानक आंख खुली. कमरे में रोशनी करने पर उन्होंने देखा कि उनकी 16 साल की बेटी तख्त पर बैठी हुई थी और किसी से बात कर रही थी या गुनगुना रही थी. मां को कुछ अनहोनी का आभास हुआ तो उन्होंने अपने पति को जगाया. जब माता-पिता ने मिलकर कमरे की सघन तलाशी ली, तो जो नजारा दिखा उसने उनके होश उड़ा दिए. तख्त के नीचे किशोरी का सगा चाचा (पिता का सगा छोटा भाई) छिपा हुआ था. पकड़े जाने के डर से आरोपी चाचा ने अपने ही भाई-भाभी को जोर से धक्का दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला.

### भोर होते ही बेटी भी हुई लापता

आधी रात को हुए इस हंगामे के बाद घर में कोहराम मचा था. माता-पिता अपनी बेटी को समझाने और उससे पूछताछ करने की कोशिश कर रहे थे. लेकिन इसी बीच भोर में करीब 4 बजे, जब सबकी नजरें बची थीं, किशोरी भी घर से रहस्यमयी तरीके से गायब हो गई. सुबह जब खोजबीन की गई तो पता चला कि आरोपी चाचा भी अपने घर पर नहीं है. परिवार को समझते देर नहीं लगी कि रात में पकड़ा गया सगा भाई ही अपनी भतीजी को साथ लेकर फरार हो गया है.

### अपनों के धोखे ने पिता को तोड़ा, खाया जहर

समाज में होने वाली बदनामी और अपने सगे भाई के इस घिनौने कृत्य को पीड़ित पिता बर्दाश्त नहीं कर सका. 'रक्षक ही भक्षक बन गया' वाली इस स्थिति ने उसे मानसिक रूप से पूरी तरह तोड़ दिया. ग्लानि और हताशा में आकर पिता ने जहरीला पदार्थ (विषाक्त) खा लिया. जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से गंभीर हालत के चलते डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है. फिलहाल पिता की हालत नाजुक बनी हुई है.

### पुलिस की कार्रवाई: किशोरी बरामद

पीड़ित परिवार की तहरीर पर खुटार पुलिस ने तत्काल अपहरण और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया. पुलिस की सक्रियता और सर्विलांस टीम की मदद से देर शाम किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है. पुलिस अब किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने और न्यायालय में उसके बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया में जुटी है. हालांकि, आरोपी चाचा अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है.

# यूपी में सबसे बड़ी भर्ती परीक्षा की तैयारी! 25 लाख अभ्यर्थियों के लिए हाई-टेक सुरक्षा व्यवस्था

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** योगी सरकार की 'पारदर्शी एवं नकलविहीन भर्ती' की प्रतिबद्धता के तहत होमगार्ड एनरॉलमेंट 2025 की लिखित परीक्षा के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने अभूतपूर्व सुरक्षा का खाका तैयार किया है.

41,424 पदों के लिए आयोजित होने वाली इस परीक्षा में 25.32 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे. परीक्षा 25, 26 व 27 अप्रैल को प्रदेश भर के 1053 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की जाएगी. योगी सरकार के निर्देशन में व्यापक एवं बहुस्तरीय व्यवस्था न केवल परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करेगी, बल्कि प्रदेश में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी मजबूती से स्थापित करेगी.



उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष डीजी एस.बी. शिरडकर ने बताया कि परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक जिले में अपर पुलिस अधीक्षक/अपर पुलिस उपायुक्त स्तर के नोडल ऑफिसर बनाए गए हैं. सभी केंद्रों पर प्रति 240 परीक्षार्थियों पर एक निरीक्षक/उप निरीक्षक की तैनाती की गई है. प्रवेश द्वार पर हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से सभी अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग होगी. महिला अभ्यर्थियों की जांच महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बंद परिसर में कराई जाएगी. प्रश्नपत्रों को कोषागार में डबल लॉक व्यवस्था में रखा गया है, जिसकी चाबियां अलग-अलग अधिकारियों के पास रहेंगी. स्ट्रॉन्ग रूम में 24 घंटे बिजली, इंटरनेट और अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है. प्रश्नपत्रों को केंद्रों तक पहुंचाने के लिए रूट मैप बनाकर सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) किया गया है. परिवहन के दौरान किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी पर पूर्ण प्रतिबंध रहा. सभी परीक्षा केंद्रों का गहन सैनिटाइजेशन कराया गया है और छत, गैलरी, मैदान और वॉशरूम तक की सघन जांच की गई है, ताकि किसी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या आपत्तिजनक सामग्री छिपी न रह जाए. सभी केंद्रों और स्ट्रॉन्ग रूम में सीसीटीवी कैमरों से निरंतर निगरानी की जाएगी. साथ ही पेयजल, क्लॉक रूम और समय की सूचना के लिए बेल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई हैं. अभ्यर्थियों को केवल प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और काला/नीला पेन लाने की अनुमति होगी. किसी भी प्रकार की घड़ी, मोबाइल, ब्लूटूथ या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र में पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे. कक्ष निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सीटिंग व्यवस्था और अनुशासन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं. परीक्षा के दौरान रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भीड़ प्रबंधन के लिए विशेष पुलिस व्यवस्था की गई है. परीक्षा केंद्रों के आसपास यूपी-112 की गाड़ियां और एम्बुलेंस तैनात रहेंगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके. सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी, जिससे अफवाहों पर रोक लगाई जा सके.

# मिर्जापुर बीजेपी नेता समेत 10 लोगों पर FIR, जमीन पर कब्जा करने और मारपीट करने का है आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**मिर्जापुर।** प्रदेश के मिर्जापुर जिले में शुक्रवार बीजेपी नेता और पूर्व कोषाध्यक्ष संजय यादव समेत 10 लोगों के खिलाफ जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुआ है बीजेपी नेता और उनके परिवार पर यह मुकदमा स्थानीय उमेश यादव ने कटरा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है. आरोप है कि जमीन को लेकर कोर्ट में चल रहे ट्रायल के बावजूद लाठी-डंडे के दम कब्जा किया गया है.




मामला कटरा कोतवाली क्षेत्र में लोहिया तालाब के पास जमीन के एक पुराने विवाद को लेकर है, जिसको लेकर शुक्रवार सुबह शुरू हुआ बवाल हिंसा में तब्दील हो गया. बीजेपी नेता और उनके परिवार के अन्य सदस्यों पर अवैध रूप से जमीन कब्जाने के आरोप में लगा है. बीजेपी नेता पर जमीन कब्जाने और मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है.

### -जेल या बेल? निदा खान की अग्रिम जमानत पर फैसला आज, पूरे एक महीने तक पुलिस को छकाती आई है मुख्य आरोपी

बीजेपी नेता ने भी शिकायतकर्ता उमेश यादव के खिलाफ दर्ज कराया केस

जमीन पर कब्जा करने और मारपीट करने के आरोप में कटरा कोतवाली में दर्ज मुकदमे के खिलाफ बीजेपी नेता संजय यादव ने भी शिकायतकर्ता उमेश यादव पर भी मारपीट करने और धमकी देने का केस दर्ज कराया है. मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 10 लोगों के खिलाफ मारपीट और जमीन कब्जाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### जमीन पर कब्जा के लिए बीजेपी नेता पर लगा बल प्रयोग करने का आरोप

कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के लोहिया तालाब निवासी उमेश कुमार यादव ने आरोप लगाया कि बीते 24 अप्रैल की सुबह ओमकार नाथ यादव और उनके बेटे संजय यादव, रुपेश यादव और विक्की यादव लाठी-डंडों के साथ उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने पहुंचे थे और विरोध करने पर आरोपियों ने उमेश, उनके भाई पंकज कुमार एडवोकेट और प्रमोद कुमार को बुरी तरह पीटा था.

थाना कटरा कोतवाली में दर्ज मुकदमे के खिलाफ बीजेपी नेता के पिता ओमकार नाथ यादव ने भी शिकायतकर्ता के खिलाफ थाने में तहरीर दी है. उन्होंने उमेश समेत उनके परिवार के सदस्यों को ईंट-पत्थर से हमला करने की शिकायत दर्ज करवाई है, जबकि शिकायतकर्ता का आरोप है कि गाली-गलौज के बाद बीजेपी नेता ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी.

### 'मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है,दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी'

रिपोर्ट के मुताबिक कटरा कोतवाली थाने में दोनों पक्षों की तहरीर पर कटरा कोतवाल का कहना है कि विवादित जमीन का मामला कोर्ट में है और उस पर स्टे ऑर्डर भी है, बावजूद इसके दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए. उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर बीएनएस की धाराओं 115(2), 351(3), 191(2) समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है,दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी.

# शादी से पहले भाई ने लुटी बहन की अस्मत कहा- कुछ दिनों में तेरी शादी है किसी' को पता नहीं चलेगा.

( यंग भारत न्यूज )

रिश्तों को शर्मसार करने वाली ये 5 सच्ची कहानियां सुनकर आप चौंक जाएंगे... कहीं भाई बहन से संबंध बना रहा है तो कहीं भाभी और पत्नी ऑटो ड्राइवर से प्यार कर रही हैं.इतना ही नहीं तीनों ने मिलकर पति को मौत के घाट उतार दिया। लेकिन शायद वो इसके अंजाम से अनजान थीं। हाल में घटी रिश्तों के कत्ल की 5 कहानियां।



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सेरिश्तों को शर्मसारकरने वाली एक खबर आई है। ये खबर सुनकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। जी हां, इस घटना ने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया है। दरअसल, लखनऊ के पारो थाना क्षेत्र में एक भाई ने अपनी ही बहन के साथ एक बार नहीं बल्कि बार-बार रेप किया, जब तक कि वो गर्भवती नहीं हो गई। उसके बाद जब उसकी शादी हो गई तो ससुराल में उसकी तबीयत खराब हो गई और जब पति उसे डॉक्टर के पास ले गया तो पता चला कि पत्नी 5 महीने की गर्भवती है। इसके बाद पति के होश उड़ गए। पति ने ये बात अपनी मां यानी लड़की की सास को बताई। पूरी सच्चाई सुनने के बाद पति और सास बहू के समर्थन में आए और कहा कि आप केस दर्ज कराइए, हम आपके साथ हैं।

### लड़की का जबरन कराया लिंग परिवर्तन ऑपरेशन

राजस्थान के सीकर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने सोशल मीडिया पर अंधी दोस्ती पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। 22 वर्षीय युवक ने आरोप लगाया है कि इंस्टाग्राम पर दोस्ती करने वाले एक युवक ने उसे बंधक बनाकर तीन महीने तक शारीरिक शोषण किया और जबरन लिंग परिवर्तन ऑपरेशन करवा दिया।

### चार साल के प्यार का खौफनाक अंत

यूपी के बहराइच के खैरीघाट थाने में एक दिल दहला देने वालीप्रेम कहानी का खौफनाक अंतसामने आया है। प्रेमी ने करीब चार साल से साथ रह रही प्रेमिका की बेरहमी से हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को गांव में ही एक झोपड़ी में भूसे के नीचे छिपा दिया। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले का चौंकाने वाला खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

### साली और पत्नी ने मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

खुदागंज थाना क्षेत्र के रसूली बिगहा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक जहानाबाद जिले के शकुराबाद थाना क्षेत्र के मीरगंज निवासी राम प्रसाद बिंद है। मृतक के परिजनों ने इस मौत को आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या बताया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राम प्रसाद की हत्या उसकी पत्नी, साली और उसी गांव के एक ऑटो चालक ने की है, जो दोनों बहनों का प्रेमी है।

### बहू और उसके प्रेमी ने मिलकर ससुर को उतारा मौत के घाट

26 अप्रैल की सुबह पौआखाली थाना क्षेत्र के एक मकई के खेत से बुजुर्ग का शव बरामद किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस को संदेह था कि आपसी रंजिश के चलते उसकी हत्या की गई है। एसपी सागर कुमार ने बताया कि मृतक की बहू का एक युवक से अवैध संबंध था। मृतक ने कई बार बहू को इस रिश्ते से दूर रहने की चेतावनी दी थी। उसने यहां तक कह दिया था कि अगर बहू ने रिश्ता नहीं तोड़ा तो वह अपनी सारी जमीन उसकी बेटी के नाम कर देगा।इस बात से नाराज बहू ने प्रेमी के साथ मिलकर ससुर की हत्या कर दी।

# नैनी जेल: एक ही कारागार की दीवारों ने पिता, पुत्र और पौत्री - तीनों पीढ़ियों के संघर्ष को देखा 7 संगम तीरे

( यंग भारत न्यूज )

**प्रयागराज।** प्रयागराज के दक्षिणी हिस्से में स्थित नैनी सेंट्रल जेल केवल एक जेल नहीं है, बल्कि यह भारतीय इतिहास का एक जीवित दस्तावेज भी है। इसकी दीवारों ने वह सब देखा है, जो किताबों में दर्ज है और वह भी, जो केवल स्मृतियों में बचा हुआ है।



आज यह एक हाई सिक्योरिटी जेल के रूप में जानी जाती है, लेकिन इसका अतीत स्वतंत्रता आंदोलन, राजनीतिक संघर्ष और सामाजिक बदलावों की गवाही देता है। यही वजह है कि जब भी इस जेल का जिक्र होता है, तो वह केवल कैदियों की बात नहीं करता, बल्कि उस दौर की भी कहानी सुनाता है, जब देश आजादी के लिए संघर्ष कर रहा था। इस जेल को अंग्रेजों ने 1889 में बनवाया था। शुरू में यह अंग्रेजों का विरोध करने वाले भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को कैद में रखने के लिए बनवाया गया था। नैनी सेंट्रल जेल दिल्ली की तिहाड़ जेल और महाराष्ट्र के पुणे स्थित यरवदा सेंट्रल जेल के बाद देश की तीसरी सबसे बड़ी जेल है। नैनी सेंट्रल जेल लगभग 237 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है। यह उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ा केंद्रीय कारागार है। यहां लगभग तीन हजार कैदियों के रखने की व्यवस्था है। जेल में आधुनिक सुरक्षा सुविधाएं भी मौजूद हैं, जिनमें ऑटोमेटेड गेट सिस्टम और बैग स्कैनर शामिल हैं। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेशी की व्यवस्था की गई है, जिससे कैदी जेल में रहते हुए भी वर्चुअली सुनवाई में शामिल हो सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की सुविधा भी उपलब्ध है। महिला कैदियों के लिए अलग सुरक्षित परिसर बनाया गया है, जिसका प्रवेश द्वार भी अलग है। इसके अलावा 18 वर्ष से कम आयु के बंदियों के लिए बाल कारागार और सुधार केंद्र की भी व्यवस्था की गई है। इसकी क्षमता, सुरक्षा व्यवस्था और ऐतिहासिक महत्व इसे अलग पहचान देते हैं। यहां का हर हिस्सा - चाहे वह बैरक हो, प्रशासनिक कार्यालय हो या पुरानी संरचनाएं - एक कहानी कहता है। नैनी जेल का सबसे खास पहलू यह है कि इसने एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों को अपने भीतर देखा। पंडित मोतीलाल नेहरू, उनके पुत्र पंडित जवाहरलाल नेहरू और बाद में इंदिरा गांधी - तीनों किसी न किसी रूप में इस जेल से जुड़े रहे। यह अपने आप में दुर्लभ उदाहरण है, जहां एक ही परिवार के तीन पीढ़ियों का राजनीतिक और वैचारिक संघर्ष एक ही स्थान से जुड़ता है। यह केवल व्यक्तिगत इतिहास नहीं, बल्कि उस समय के राष्ट्रीय आंदोलन की निरंतरता को भी दिखाता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू का इस जेल से विशेष संबंध रहा। वे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कई बार जेल गए और नैनी जेल भी उनके प्रमुख कारावास स्थलों में शामिल रही। 1930 से 1933 के बीच उन्होंने अपनी पुत्री इंदिरा गांधी को जो पत्र लिखे, वे बाद में 'Glimpses of World History' के रूप में प्रकाशित हुए। यह पत्र केवल एक पिता की सीख नहीं थे, बल्कि विश्व इतिहास, सभ्यताओं और राजनीति की गहरी समझ का दस्तावेज बने। यह बात नैनी जेल को एक अलग ही पहचान देती है कि यहां केवल बंदी नहीं रहे, बल्कि विचार भी जन्म लेते रहे।

गोविंद बल्लभ पंत, आचार्य नरेंद्र देव जैसे स्वतंत्रता सेनानी भी यहां रहे

इसी क्रम में यह भी महत्वपूर्ण है कि नैनी जेल का संबंध कई अन्य प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं से रहा है। गोविंद बल्लभ पंत, आचार्य नरेंद्र देव, रफी अहमद किदवई और 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा देने वाले प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और उर्दू के प्रख्यात शायर हसरत मोहानी जैसे नेताओं का इस जेल से जुड़ाव रहा। ये सभी अपने समय के बड़े राजनीतिक और वैचारिक चेहरे थे, जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनके यहां रहने से यह जेल केवल एक बंद स्थान नहीं, बल्कि विचारों का केंद्र भी बन गई थी। महात्मा गांधी का भी इस जेल से संबंध रहा है। प्रयागराज उस समय कांग्रेस का राष्ट्रीय मुख्यालय होने की वजह से स्वतंत्रता आंदोलन की गतिविधियों का एक बड़ा केंद्र था और गांधी जी यहां अक्सर आते-जाते थे। वे नैनी जेल भी गए थे और यहां बंद स्वतंत्रता सेनानियों से मुलाकात की थी। इससे यह साफ होता है कि यह जेल उस समय के राष्ट्रीय आंदोलन के केंद्र में थी, जहां से आंदोलन की रणनीतियां और विचार आगे बढ़ते थे। समय के साथ इस जेल की भूमिका बदलती रही, लेकिन इसका महत्व कम नहीं हुआ। 1975 के आपातकाल के दौरान भी कई राजनीतिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को यहां बंद किया गया। उस दौर में यह जेल एक बार फिर राजनीतिक संघर्ष का प्रतीक बनी, जहां असहमति की आवाजों को नियंत्रित करने की कोशिश की गई। इस तरह यह जेल केवल स्वतंत्रता आंदोलन तक सीमित नहीं रही, बल्कि बाद के राजनीतिक दौरों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही।

कश्मीरी आतंकी और पाकिस्तान से संबंधित आरोपी भी यहां लाए गए

आज के समय में नैनी जेल एक हाई सिक्योरिटी जेल के रूप में जानी जाती है। यहां गंभीर अपराधों में बंद कैदियों के साथ-साथ कुछ संवेदनशील मामलों से जुड़े बंदियों को भी रखा जाता रहा है। समय-समय पर कश्मीर से जुड़े बंदियों और पाकिस्तान से संबंधित आरोपियों को भी यहां रखा गया है, हालांकि यह पूरी तरह प्रशासनिक निर्णयों पर निर्भर करता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आज भी यह जेल देश की सुरक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है।

इस जेल का प्रशासनिक महत्व भी कम नहीं है। जेल के सामने ही डीआईजी (जेल) का कार्यालय है। यह इस बात का संकेत है कि यह केवल एक जेल नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की कारागार व्यवस्था का एक प्रमुख केंद्र है। यहां से कई जेलों का संचालन और निगरानी भी जुड़ी रहती है, जिससे इसका महत्व और बढ़ जाता है। जेल के भीतर की संरचना भी अपने आप में इतिहास को समेटे हुए है। अंदर फांसी घर भी है। एक समय में यहां मृत्युदंड की प्रक्रिया भी पूरी की जाती थी। हालांकि हाल के वर्षों में मृत्युदंड के मामलों में कमी आई है, लेकिन यह संरचना आज भी उस पुराने दौर की गवाही देती है। अंग्रेजी शासन के समय इस जेल के भीतर एक बगीचा या फुलवारी भी विकसित की गई थी, जो आज भी मौजूद है। उस समय जेलों को केवल दंड के स्थान के रूप में नहीं, बल्कि नियंत्रित जीवन व्यवस्था के रूप में भी देखा जाता था, जहां कैदियों को सीमित दायरे में काम और गतिविधियों में लगाया जाता था। इस तरह की संरचनाएं आज भी इस जेल के पुराने स्वरूप की झलक देती हैं, भले ही समय के साथ उनमें बदलाव आया हो।

**प्रयागराज के 'संगम तीरे' स्तंभ में अन्य फीचर लेखों को पढ़ने के लिए यहां पर करें क्लिक**

नैनी सेंट्रल जेल केवल एक जेल नहीं है। यह एक ऐसा स्थान है, जहां स्वतंत्रता आंदोलन की गूंज सुनाई देती है, जहां राजनीतिक संघर्ष की परछाइयां दिखाई देती हैं और जहां आज भी देश की सुरक्षा व्यवस्था का एक अहम हिस्सा सक्रिय है। यहां नेहरू परिवार की तीन पीढ़ियों का इतिहास है, स्वतंत्रता सेनानियों की यादें हैं, गांधी जी का जुड़ाव है, आपातकाल की छाप है और वर्तमान की सख्त सुरक्षा व्यवस्था भी है।यही वजह है कि नैनी जेल को समझना, केवल एक संस्थान को समझना नहीं है, बल्कि भारत के राजनीतिक और सामाजिक इतिहास के एक महत्वपूर्ण हिस्से को समझना है। यह जेल हमें याद दिलाती है कि दीवारें केवल कैद नहीं करतीं, वे समय को भी अपने भीतर संजो कर रखती हैं।

# स्वर्णकार समाज के साथ हो रहे जघन्य अपराध : कश्मीर सिंह राजपूत

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ 3545 के राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्मीर सिंह राजपूत का तीन दिवसीय प्रवास बुंदेलखंड की नगरी में रहा 25 26 को मण्डल अध्यक्ष अशोक सोनी के पुत्र सचिन सोनी की शादी समारोह में भागीदारी के उपरांत 27 तारीख को संगठन के राष्ट्रीय,प्रदेश एवं झांसी जनपद के पदाधिकारी के साथ बैठक लिए जिसमें संगठन के प्रति जागरूक और मजबूती प्रदान करने पर बल दिया गया वही मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि सुनारों के साथ हो रहे जग्नह अपराध सुनारों की हत्या लूट और उनको प्रताड़ित करने का कार्य प्रशासन द्वारा किया जा रहा है इस पर आक्रोश जताया 411,412 जैसी शोषण करने वाली धाराएं सोनार व्यवसाईयों को भारी नुकसान के साथ–साथ उनके व्यापारिक जीवन के साथ खिलवाड़ व उनकी प्रतिष्ठा पर एक दंड



प्रणाली के तहत आरोपी सिद्ध करना यह गलत है वही हॉलमार्क पर सरकार एवं हॉलमार्क एजेंटो द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न हद से ज्यादा बढ़ गया है हॉलमार्क एजेंट पर शिकंजा कसा जाए क्योंकि व्यापारियों द्वारा हॉलमार्क करने का शुल्क अदा करने के बाद भी उनका उत्पीड़न होता है क्योंकि कस्टमर हॉलमार्क पर ही विश्वास जताता है लेकिन कोई भी मशीन व्यापारी द्वारा निर्माण किए गए आभूषणों पर 100% शुद्धता का पूर्णता मोहर लगाने में आसक्षम है जिस व्यापारी पूरी तरह से टूट रहे हैं इस पर भी आक्रोश जताया इस मौके पर बैठक में राष्ट्रीय संगठन सचिव अशोक सूरी,राष्ट्रीय सचिव ऐ के सोनी, राष्ट्रीय सचिव संतोष सोनी,प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बिहारी सोनी प्रदेश संगठन मंत्री/ मध्य प्रदेश प्रभारी डाँ विवेक वर्मा, बुंदेलखंड प्रभारी राघव वर्मा, मंडल अध्यक्ष अशोक सोनी, जिला अध्यक्ष झांसी राजेंद्र सोनी( राजू सिगर),झांसी महामंत्री दिलीप सोनी,झांसी कोषाध्यक्ष महेंद्र सोनी,डाँ एस एस सिंह,संदीप सोनी,राजेश सोनी,नरेंद्र सोनी , संतोष सोनी ,हरिमोहन सोनी,विकास वर्मा,दिनेश वर्मा धर्मेंद्र सोनी,भगवती सोनी,पारस सोनी,दिव्यांश आदि उपस्थित रहे वैठक का संचालन झाँसी जिलाध्यक्ष राजेंद्र सोनी( राजू सिगर) ने व आभार डॉ. विवेक वर्मा स्वर्णकार ने व्यक्त किया

# गो सम्मान आवाह्न अभियान के तहत एसडीएम के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । आज गौ सम्मान आवाह्न अभियान दिवस 27 अप्रैल कोपूरे भारत में मनाया गया और सभी 5000 तहसीलों में ज्ञापन दिया गया इस शुभ अवसर पर झांसी मैं भी मुख्यमंत्री राज्यपाल प्रधानमंत्री राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन एसडीम झांसी सदर के माध्यम से सभी साधु संत, गौभक्त,हिंदु संगठन,सामाजिक लोगो के हस्ताक्षर युक्त एक प्रार्थना पत्र दिया जिसमें हजारों लोगों ने हस्ताक्षर करके दिए गौ हत्या बंद,गोगौचर भूमि मुक्त,गौ कानून जैसे मांगो को लेकर शांति पूर्ण रूप से किया गया

आप सभी का हृदय से आभार इस



अवसर पर प्रमुख रूप से अंचल अरजरिया केंद्रीय अध्यक्ष राष्ट्र भक्त संगठन कौशल किशोर तिवारी गौ रक्षा वाहिनी देवेंद्र तिवारी जिला अध्यक्ष गौ रक्षा हिंदू दल ब्रिजेन्द्र पाठक जिला संयोजक गौ रक्षा हिंदू दल गौरव यादव जिला गोरक्षा प्रमुख सनी यादव शिवम् पूरी अमित रैकवार सागर साहू धर्म रक्षक केशव पटेल गौ सेवक अभिषेक बुंदेला शिवा सोनी हनी कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने वालों का किया सम्मान

( यंग भारत न्यूज )

**मोंठ।** आदर्श इंटर कॉलेज मोंठ के यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में विद्यालय में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार अहिरवार एवं विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया ।



यूपी बोर्ड परीक्षा इंटरमीडिएट 2026 विज्ञान वर्ग प्रथम स्थान ज्योति सोनी 431/ 500, 86.2%, द्वितीय स्थान रतन सिंह कुशवाहा 406 /500, 81.2 %, तृतीय स्थान खुशी चौधरी 401 500, 80.2%, इंटरमीडिएट कला वर्ग प्रथम स्थान प्रद्युम्न 356/ 500, 71.2% , द्वितीय स्थान प्रियंका शिवहरे 350/ 500, 70%, द्वितीय स्थान आकाश 350/ 500, 70 %, तृतीय स्थान रुक्मणि 335 /500, 67%। यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 प्रथम स्थान आभा उपाध्याय 548/ 600, 91.33%, द्वितीय स्थान अभय राजपूत 546/ 600, 91%, तृतीय स्थान प्रियंका सिंह 538/ 600 ,89% परिणाम रहा। कार्यक्रम में गोपाल सिंह यादव, शिवदत्त मिश्र, विनय कुमार मिश्र,रणधीर सिंह बाबूजी, रविकांत, मयंक मोहन, हरिओम, राकेश गुप्त उपस्थित रहे।

# जनपद में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति भर्ती बोर्ड द्वारा होमगाई्स के पदों पर 03 दिवसीय सीधी भर्ती परीक्षा दो पालियों में हुई सकुशल संपन्न, नोडल अधिकारी ने दी बधाई

## 27 अप्रैल की प्रथम पाली में 2657 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 2790 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह ने जनपद में 28 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति भर्ती बोर्ड द्वारा होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 27 अप्रैल 2026 को प्रथम पाली में पूर्वाहन 10 से 12 बजे एवं द्वितीय पाली अपराह्न 03 बजे से 05 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा कि सुचिता को परखा।



परीक्षा के सकुशल निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय एवं राजकीय इंटर कालेज परीक्षा केंद्रों का सत्यापन किया और प्रधानाचार्य कक्ष में बने कमांड कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने मौके पर कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरे से कक्ष में परीक्षा दे रहे छात्र छात्राओं को भी देखा तथा मिनट 2 मिनट रिकॉर्डिंग की जानकारी ली। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए अपर जिलाधिकारी/ नोडल अधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में नकल किसी भी दशा में बर्दास्त नही होगी। परीक्षा में डुप्लीकेट परीक्षार्थी किसी भी दशा में शामिल नहीं हो, इसे उन्होंने कक्ष निरीक्षकों से सावधानी पूर्वक जांच करते हुए सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने एजेंसी को निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र का गंभीरता से परीक्षंण उपरांत ही कक्ष में प्रवेश कराया जाए। नगर में उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट –2025 की लिखित परीक्षा दो पालियों में 27 अप्रैल ( सोमवार) को 28 परीक्षा केंद्रों पर सकुशल संपादित हुई। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य अथवा केन्द्र व्यवस्थापक के साथ परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरा, वॉइस रिकॉर्डर के साथ विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की व्यवस्थाओं को देखा। अपर जिलाधिकारी ने परीक्षार्थियों की जांच के दौरान ही अलग कक्ष में जमा कराने की व्यवस्था को भी देखा। नकल विहीन और स्वच्छता पूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में परीक्षार्थियों की तलाशी सावधानीपूर्वक ली गई, विशेष रूप से महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता, इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण किए जाने के निर्देश दिए। परीक्षा नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति भर्ती बोर्ड द्वारा होमगार्ड के पदों पर एनरोलमेंट–2025 लिखित परीक्षा में प्रथम पाली 27 अप्रैल को कुल 11424 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें 8767 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, 2657 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने बताया कि द्वितीय पाली में भी 11424 को परीक्षा हेतु पंजीकरण थे परंतु 8634 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, 2790 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल ने नगर में प्रथम दिवस की दोनों पालियों में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 की लिखित परीक्षा शांति पूर्ण,निर्विघ्न संपन्न होने पर जनपद के समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को बधाई दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह, डीआईओएस श्रीमती रती वर्मा, प्रधानाचार्य, बुंदेलखंड महाविद्यालय एवं राजकीय इंटर कालेज सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए भ्रमणशील रहें।

# कैकई माता ने पृथ्वी को राक्षसों से विहीन करने हेतु अपने सबसे प्रिय राम को वनवास करवाया : हरिवंश दास महाराज

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** श्री भक्तमाल कथा के अष्टम दिवस पर श्री राम जानकी मंदिर मेहंदी बाग में सर्वप्रथम ग्रंथ पूजा राम प्रिया दास जी महंत प्रेम नारायण दास जी ओरछा से पधारे कमलेश मिश्रा जी मुकेश मिश्रा मैथिली मुद्गल संजय वामी नेपाल किया आयोजित कथा में भरत चरित्र पर बोलते हुए श्री हरिवंश दास जी महाराज ने कहा कि गोस्वामी जी ने संतो को तीर्थ राज को प्रयागराज के समान बताया यह भाव तुलसीदास जी को भरत जी के चरित्र से प्राप्त हुआ लोक कौशल्या नाम रख लेते हैं सुमित्रा नाम रखते थे लेकिन केकई नाम कोई नहीं रखता जिस माता ने भरत जैसे पुत्र को जन्म दिया क्या वह कोई साधारण माता होगी लेकिन कैकई माता ने पृथ्वी को राक्षसों से विहीन करने हेतु अपने सबसे प्रिय राम को वनवास करवाया कैकयी की जनकल्याण की भावना थी अत: सबका बुरा होकर भी कैकयी ने अपना कर्तव्य निभाया ऐसा कई बार होता है जो हमें दिखता है वह होता नहीं भरत का चरित्र आदर्श चरित्र है भरत जी अपना सब कुछ राम जी को ही मानते हैं राम जी को सबसे ज्यादा चाहने वाले कोई माता है तो बह कैकई माता है रामजी बन जाना चाहते हैं इसलिए माध्यम केकेयी जी को बनाया और भारत जी को प्रेम की मूर्ति दिखाने के लिए रामजी बन गए निशाचरों के नाश के लिए सुग्रीव विभीषण निषाद राज शबरी के कल्याण के लिए भक्त की उत्कृष्ट पराकास्ट में भरत जी की स्थापना के लिए राम ने वन गमन किया आरती स्वतंत्र गुप्ता अशेष चंद्र शर्मा गिरिजा तिवारी अनिल, अरजरिया अंचल अर्जरिया उर्वशी गौरी शंकर दुबे राजकुमार गोस्वामी ने की



# जनाक्रोश कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर बोला हमला

## विपक्षी दलों ने अधिनियम का विरोध कर महिलाओं के साथ किया अन्याय




### -विधेयक ही नहीं वल्कि देश की करोडो महिलाओं के अधिकारों का विरोध - प्रतिभा शुक्ला

( यंग भारत न्यूज )

**बाँदा।** लोकसभा में विपक्ष द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोध के खिलाफ आयोजित किये जाने वाले जनाक्रोश कार्यक्रम के तहत भाजपा की महिलाओं द्वारा आज जनआक्रोश प्रेसवार्ता , महिला सम्मेलन व पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज्यमंत्री महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टांहार विभाग प्रतिभा शुक्ला ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला । उन्होंने कहा कि संसद में महत्वपूर्ण विधेयक को कांग्रेस, सपा, तृणमूल कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के ऐतिहासिक अवसर का विरोध कर देश की आधी आबादी के साथ अन्याय किया है ।विपक्ष द्वारा इस मुद्दे को टालना उनकी राजनीतिक स्वार्थपूर्ण सोच है और महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है । उन्होंने कहा कि परिसीमान एक संवैधानिक प्रक्रिया है लेकिन विपक्ष द्वारा इस विषय पर भ्रम फैलाकर महिलाओं के अधिकारों में बाधायें डाल रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विधेयक ही नहीं वल्कि देश की करोडो माताओं, बहनों और बेटियों के अधिकारों का विरोध है द्य लेकिन भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और कार्य कर रही है ।अंत में मुख्य अतिथि की अगुवाई में महिलाओं ने जनाक्रोश यात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा ने किया । इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष मालती बासू, जिला उपाध्यक्ष वंदना गुप्ता, विनोद जैन, जाग्रति वर्मा, अर्चना शुक्ला, मुन्नी गुप्ता, मंजू देवी, रूपा चौहान, रीता गुप्ता, अनीता शुक्ला, रंजना श्रीवास्तव, रूपा सिंह चौहान, आनंदी साहू, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, अमित सेठ भोलू, संतोष राजपूत, लखन कुशवाहा, दिलीप तिवारी, मोहित गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

## भागवत कथा की आज निकलेगी शोभायात्रा

( यंग भारत न्यूज )


**गुरसरांय।** ग्राम अचौसा में श्रीमद्भगवतकथा का आयोजन आज 28 अप्रैल से होगा। कथा व्यास स्वामी रामकृष्ण बाल व्यास कथा श्रवण कराएंगे। कथा के परीक्षित राजकुमारी देवी राकेश पटेल ने बताया कि शांति आश्रम गौरैया मंदिर



अचौसा के महंत भज्जू महाराज की उपस्थिति में भागवत कथा की भव्य शोभायात्रा मंगलवार को निकाली जायेगी। कथा की तैयारियों के लिए दीपेंद्र पटेल, रूपेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र पटेल,सुरेन्द्र पटेल दाऊ,नरेंद्र पटेल, राजू पटेल आदि लगे हुए है।

## चिकित्सा संगोष्ठी सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** इण्डियन इंटीग्रेटिड मेडिकल एसोसिएशन (आईआईएम), झांसी एवं शार्प साईट नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में चिकित्सा संगोष्ठी का आयोजन होटल सनराइज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाल रोग विशेषज्ञ डॉ प्रमोद गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि में आई.आई.एम.ए. झांसी के अध्यक्ष डॉ.देवेन्द्र पटसारिया एवं न्यूरोसर्जन डॉ. दिनेश राजपूत रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. सौमित्र पाण्डेय, डॉ. राम किशोर जनोरिया, डॉ. ज्ञानेंद्र गुप्ता रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने आंख सम्बन्धित विभिन्न बीमारियों के लक्षण एवं उनके निवारण के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित चिकित्सकों में आई.आई.एम.ए., झांसी उपाध्यक्ष डॉ. रीमा सोनकर, सचिव डॉ. राजेन्द्र सोनी, कोषाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र सोनी, संरक्षक डॉ.बी.एस. साहू, डॉ. संजय मोदी, डॉ. विक्रम आनन्द, डॉ.के.के.साहू, डॉ.राम करण गुप्ता, डॉ. केदार सेठ, डॉ. सुरेश कुमार गुप्ता, डॉ. नीलम आनन्द, डॉ. रश्मि बघेल, डॉ. हितेंद्र मनकेले, डॉ.उमेश प्रजापति, डॉ. अंकित आर्या, डॉ. बृजेन्द्र गुप्ता, डॉ.विनय मिश्रा, डॉ.हरिकांत रायकवार इत्यादि चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मिस मंजू पाल ने किया एवं कार्यक्रम के अन्त में डॉ. सभी चिकित्सको का आभार व्यक्त किया।

# एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन ने दी श्रद्धांजलि

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** झांसी ललितपुर जालौन एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन ने नगर में गायत्री परिवार के तहसील संयोजक सतीश चौरसिया की माता जी एवं भरत शरण कौशिक ,शिव शरण ,राजेश कौशिक नुनार वालों के पिता डॉ राम शरण कौशिक के निधन पर उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को धैर्य धारण करने की सान्त्वना दी। इसके बाद उन्होंने टीचर्स कॉलोनी में मां शारदा संगीत विद्यालय में सितारवादक पं सरजू शरण पाठक एवं शिवम तिवारी सिमरधा के यहां जाकर मुलाकात की। इस मौके पर पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र पटेल भडोकर,चंद्रप्रकाश चौरसिया, दृगपाल पटेल,शिवम तिवारी ,रामदीन पटेल आदि उपस्थित रहे।



मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718